RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 39 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# सोरेन की कार में लाखों का कैश!

## रांची पहुंचे सीएम सोरेन, धारा-144 लागू

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कथित लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लगातार फंसते जा रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को सोरेन के दिल्ली के शांति निकेतन में स्थित घर सहित 3 ठिकानों पर छापेमारी की। अब जानकारी आ रही है कि टीम ने तलाशी के दौरान दो बीएमडब्ल्यू कार से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और 36 लाख रुपये नगद जब्त किए हैं। सोरेन पर लगातार कसते शिकंजे के बीच रांची में धारा-144 लागू कर दी गयी है। वहीं जानकारी मिली है कि सोरेन जेएमएम की बैठक में शामिल होने के लिए रांची पहुंच चुके हैं।



झारखंड के राज्यपाल सी पी राधा कृष्ण का कहना है कि वह भी दूसरों की तरह सीएम का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही जानकारी आ रही है कि डीजीपी (शेष पृष्ठ-3 पर)


### ईडी के सामने तेजस्वी

**पटना (एजेंसी)।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सवालों का जवाब देने के लिए पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ईडी दफ्तर पहुंचे। तेजस्वी यादव अपने आवास से सीधा ईडी के दफ्तर पहुंचे। यहां राजद समर्थकों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और उनके समर्थन में नारेबाजी करने लगे। काफी मशक्कत के बाद तेजस्वी यादव ईडी के दफ्तर पहुंचे। तेजस्वी नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में ईडी के सवालों का जवाब देंगे। कहा जा रहा है ईडी की टीम ने 60 से अधिक सवालों की लिस्ट तैयार की है। सोमवार को तेजस्वी यादव के पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित दफ्तर में पेश होना पड़ा था। पूरे 10 घंटे तक लालू से पूछताछ हुई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### लापता हैं सीएम : बीजेपी

हेमंत सोरेन के अचानक दिल्ली आवास से गायब होने के बाद से बीजेपी राज्य सरकार पर हमलावर है। अब भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्टर शेयर किया हैं, जिसमें उन्हें सीएम के लापता होने का दावा किया है और कहा कि सीएम की सही जानकारी देने वाले के 11 हजार रुपये नगद राशि दी जाएगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)




# गैंगस्टर के भाई की हत्या में शामिल शूटर मुठभेड़ में घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में मंगलवार की सुबह नोएडा कमिश्नरेट पुलिस का 25 हजार रुपये के एक ईनामी व गैंगस्टर कपिल मान गिरोह के सक्रिय बदमाश से आमना सामना हो गया। बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़ा गया बदमाश गैंगस्टर प्रवेश मान के भाई सूरजमान की हत्या में वांछित चल रहा था।



जानकारी के अनुसार, नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा मंगलवार की सुबह सेक्टर 43 पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो बाइक सवार संदिग्ध ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान नवीन शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी विजय विहार फेस-2 सेक्टर- 4 थाना विजय विहार दिल्ली के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूछताछ करने पर पता चला कि घायल बदमाश नवीन शर्मा 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश है और कुख्यात कपिल मान गैंग का शार्प शूटर है। 19 जनवरी को थाना सेक्टर-104 क्षेत्र में हुए क्रू मेंबर सूरजमान हत्याकांड वांछित चल रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# गाजियाबाद में लिव-इन पार्टनर की हत्या, ग्रेटर नोएडा में फेंका शव

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गाजियाबाद में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की गला घोटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामूली विवाद में महिला के प्रेमी ने उसकी गला घोट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उसे ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में फेंक दिया। हत्यारे प्रेमी की निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है।


गाजियाबाद के थाना सिंहानी गेट में धौलाना हापुड़ निवासी (37 वर्षीय) सत्ता उर्फ संजना पुत्री रामकृष्ण सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में गाजियाबाद की पुलिस को पता लगा कि संजना का अपने पहले पति से विवाद चल रहा था और वह उसे छोड़कर दादरी के लुहारली गांव निवासी अरुण के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही। दोनों मिसलगढ़ी गांव में पति-पत्नी के रूप में किराए पर रह रहे थे। संदेह के आधार पर थाना सिहानी गेट पुलिस ने अरुण से संजना के बारे में पूछताछ की गई तो शुरुआत में वह बरगलाता रहा। पुलिस द्वारा सख्ती करने पर अरुण टूट गया और उसने संजना की हत्या की बात स्वीकार कर ली। अरुण ने बताया कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हो गया था इस दौरान उसने संजना की उसके दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दी थी हत्या करने के बाद वह शव को गाड़ी में डालकर थाना बादलपुर क्षेत्र के अंबुजा सीमेंट कंपनी के पास पहुंचा यहां सुनसान स्थान पर शव को फेंककर वह वापस घर चला गया। जानकारी मिलने पर थाना सिहानी गेट पुलिस ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर पहुंची पुलिस ने अरुण के निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया।

### दुपट्टे से गला घोट कर की थी हत्या

थाना बादलपुर प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की गुमशुदगी गाजियाबाद के थाना से सिहानी गेट में लिखी गई है। इसलिए इस मामले की जांच गाजियाबाद पुलिस कर रही है

## मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** कलयुग के इस दौर में लोग भगवान के घर मंदिर को भी नहीं बख्श रहे हैं। चोरों ने सेक्टर 82 के केंद्रीय विहार में बने शिव मंदिर के दान पत्र से धनराशि चोरी कर ली। चोरी की यह घटना सेक्टर में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि चोर अब भगवान के घर मंदिर को भी नहीं बख्श रहे हैं।



केंद्रीय विहार निवासी मनोज कुमार सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 21 जनवरी की रात्रि को सोसायटी परिसर में बने शिव मंदिर के अंदर रखे दान पात्र का ताला तोड़कर नगदी चोरी कर ली गई। सुबह पुजारी जब मंदिर की सफाई कर रहे थे तो उन्हें दान पात्र के ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने इसकी सूचना सोसायटी पदाधिकारियों को दी। सोसाइटी पदाधिकारी ने इसकी सूचना थाना फेस 2 पुलिस को दी पुलिस ने घटना के करीब 8 दिन बाद चोरी के इस मामले को दर्ज किया है।

# प्राधिकरण के कर्मचारी 6 से बेमियादी हड़ताल पर

## अस्थाई कर्मचारी संघ ने दी चेतावनी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के संविदा पर कार्य करने वाले तथा अस्थाई कर्मचारी 6 फरवरी से बेमियादी हड़ताल करेंगे। यह जानकारी नोएडा अस्थाई कर्मचारी संघ के महासचिव विनोद शर्मा ने दी है। विनोद शर्मा ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अस्थाई कर्मचारी पिछले कई वर्षों से विभिन्न मांगे कर रहे हैं। लेकिन नोएडा प्राधिकरण आज तक किसी मांग को पूरा नहीं कर पाया है ।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

उन्होंने कहा कि उनकी आठ सूत्री मांगों पर यदि कल तक नोएडा प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों ने कोई विचार नहीं किया तथा लिखित में मांगे पूरी करने का आश्वासन नहीं दिया तो 6 फरवरी से सैकड़ों कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में सभी कर्मचारियों को सीधे विभाग से जोड़ना, प्रत्येक कर्मचारी को 10 लाख का मेडिक्लेम देना, अस्पतालों में नियमित कर्मचारी की तरह ओपीडी की सुविधा देना, मृतक आश्रित कर्मचारी को ड्यूटी देने के लिए लिखित में आश्वासन देना, अस्थाई कर्मचारियों की मृत्यु पर अंत्येष्टि के लिए 10000 रूपये का खर्च देना, ऑन ड्यूटी कर्मचारियों की मृत्यु होने पर 5 लाख का मुआवजा देना (शेष पृष्ठ-3 पर)

# हाइवे पर बिखरा रिफाइंड आयल, वाहन चालक फिसले



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार की सुबह सड़क पर रिफाइंड आयल बिखर गया। सड़क पर रिफाइंड फैला होने के कारण कई वाहन चालक फिसल कर गिर गए। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर रेत और मिट्टी डलवाकर यातायात सामान्य कराया।

दरअसल, आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के कोतवाली बादलपुर क्षेत्र के धूममानिकपुर से गुजर रही एनएच 91 पर कोहरे के वजह से उस समय सडक हादसा हो गया, जब रिफाइंड ले जा रहा एक ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने से पूरी सड़क पर रिफाइंड फैल गया। रिफाइंड फैलने के कारण वाहन के फिसलने काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बाइक सवारों ने कार चालक को धुना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ऊंची दनकौर में बाइक साइड खड़ी करने के विवाद में दो युवकों ने एक कार चालक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट का विरोध करने पर युवकों ने कार का शीशा भी फोड़ दिया।

ग्राम नवादा निवासी संदीप ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 28 जनवरी को अपने भाई बंटी के साथ कार से ऊंची दनकौर आया था। इस दौरान अनिल पुत्र लेखराज बाइक लेकर रास्ते में खड़ा हुआ था। उसने जब अनिल से बाइक साइड करने को कहा तो वह गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर अनिल ने अपने साथी पुष्पेंद्र व सत्येंद्र को मौके पर बुला लिया। तीनों आरोपियों ने जबरन उसकी कार को रोककर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दिया जिसके बाद वह अपनी कार लेकर जाने लगा। इस दौरान पीछे से आरोपियों ने ईंट मारकर उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकालकर थाने पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-41 में चोरों ने एक मकान से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-41 में रहने वाले रोहित दीवान ने बताया कि बीते 29 जनवरी को उनके भाई पंकज दीवान गोवा गए हुए थे। घर पर उनके बुजुर्ग पिता कृष्ण कुमार धीमान अकेले थे। शाम के समय कुछ अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए और घर से लाखों रुपए की जेवरात तथा नकदी चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी मिलने पर उनके पिता ने उन्हें इस बारे में सूचना दी। चोर घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात नकदी व अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं।

## परचून दुकानदार पर हथियारबंद बदमाशों का जानलेवा हमला

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में हथियारबंद बदमाशों ने एक परचून की दुकान में लूट के वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। दुकानदार द्वारा विरोध करने पर बदमाश उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए पीड़ित दुकानदार ने दो लोगों के खिलाफ थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद हमीरपुर निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह सर्फाबाद गांव में जय मां कालका स्टोर के नाम से परचून की दुकान चलाता है। बीते 28 जनवरी की रात्रि को बाइक सवार दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए और उन्होंने उस पर तमंचा तानकर लूटपाट का प्रयास किया। बदमाशों ने उसके दुकान के गले में मौजूद रुपए निकालने का प्रयास किया इस दौरान उसने मौका पाकर बदमाश के हाथ पर वार कर शोर मचाते हुए उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। यह देखकर बदमाश हड़बड़ा गए। वह जान बचाने के लिए भाग तो कुछ दूरी पर उसे दुकान के बाहर नजाकत उर्फ राहुल मुंह पर रूमाल रखकर खड़ा हुआ दिखाई दिया। इस दौरान दोनों बदमाश उसके पीछे भागे। शोर-शराबा सुनकर दोनों बदमाश बाइक से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चोटपुर से किशोरी का अपहरण

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के पिता ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

चोटपुर कॉलोनी निवासी रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी बीते 25 जनवरी को घर से बिना बताए चली गई। उसने जब अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि उसकी बेटी को पड़ोस में रहने वाला कंचन अपने साथ लेकर गया है। उन्होंने अपनी बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर कंचन के खिलाफ अपराध का मामला दर्ज कर लिया है।

# अपना भवन बनाने में प्राधिकरण को लग रहे 5 वर्ष!

## तीन बार बदली डेडलाइन, अब अक्टूबर 2024 में होगा तैयार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर के नियोजक नोएडा प्राधिकरण को अपना ही भवन तैयार करने में तकरीबन 5 वर्ष का समय लग रहा है। जिस भवन का निर्माण वर्ष-2019 तक पूरा होना था वह अब इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। 2019 के बाद इस नये भवन का कार्य जनवरी 2024 तक पूरा होना था। इसके बाद डेडलाइन 2024 की थी। जिसे अब बढ़ाकर अक्टूबर 2024 कर दिया गया है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो सेक्टर-98 में 24 हजार वर्ग मीटर में बन रहे प्राधिकरण के नये भवन की नई डेड लाइन अक्टूबर 2024 कर दी गई है।



प्राधिकरण वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सितंबर या अक्टूबर में प्राधिकरण का प्रशासनिक कार्यालय नई इमारत में शिफ्ट हो जाएगा। निर्माण में तेजी आए इसके लिए यहां दो जई एक मैनेजर की डिप्यूट किया गया है। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन डीजीएम स्तर पर इमारत की प्रगति रिपोर्ट देखी जा रही है। दरअसल आईआईटी की रिपोर्ट में निर्माणाधीन इमारत में कई स्थानों पर कमजोर थी। उनकी मरम्मत की जा रही है।

नई इमारत का करीब 70 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा किया जा चुका है। इसकी पहली निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इसका निर्माण कर रही है। पहले प्राधिकरण की नई बिल्डिंग को बनाने के लिए प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को चुना गया था। उसे 2019 तक निर्माण पूरा करना था। तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ससुरालियों की पैरवी करने पर मारा गया था सुखपाल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र में बीते दिनों घोड़ी बछेड़ा गांव के पास दिनदहाड़े हुई प्रॉपर्टी डीलर सुखपाल की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले शूटरों की तलाश कर रही है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि सुखपाल के ससुरालियों की अपने पड़ोसियों से पुरानी रंजिश चल रही थी। सुखपाल अपने ससुराल वालों की पैरवी करता था इसी कारण विपक्षियों द्वारा उसकी हत्या की गई।

### हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना दादरी पुलिस ने सुनपुरा गांव निवासी रतन सिंह व साजिद सैफी निवासी गांव अमराला थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। इनके पास से 11 जनवरी को सुखपाल की हत्या में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल व दो तमंचे बरामद हुए।

उन्होंने बताया कि 11 जनवरी को अज्ञात बदमाशों ने कासना निवासी सुखपाल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में परिजनों ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जब इस मामले में जांच पड़ताल की तो कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली। मुखबिर से पता चला कि सुखपाल के ससुराल वालों की पड़ोसियों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते उसकी हत्या हुई है। सुखपाल के साले रोहित ने अपने साथी प्रवीण के साथ मिलकर करीब 5 साल पहले थाना फेस 2 क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान लोगों ने प्रवीण की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और रोहित मौके से फरार हो गया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सर्वे पर मंथन

बीते बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच करीब तीन घंटे की बैठक प्रधानमंत्री आवास में हुई थी। वह असामान्य बैठक थी। उनके सामने बिहार पर सर्वे की एक रपट भी थी, जो भाजपा ने कराया था। सर्वे का निष्कर्ष था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, अपने सभी घटक दलों समेत, 20-22 सीटें ही जीत सकती है। सर्वे अयोध्या राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कराया गया था। सर्वे में यह भी सामने आया कि उसके प्रभाव से 5-7 सीटें ही बढ़ सकती हैं। 2019 में भाजपा ने जद-यू के साथ 40 में से 39 सीटें जीती थीं। जाहिर है कि विमर्श का बिंदु बिहार और नीतीश कुमार रहे होंगे! अंततः यह तय हुआ कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार ही पाला बदल कर भाजपा से मिल जाए, तो चुनावी फायदा हो सकता है। कमोबेश अति पिछड़ा वर्ग के 'सरप्लस वोट' भी भाजपा के पक्ष में आ सकते हैं। लंबे विमर्श के बाद प्रधानमंत्री ने नए गठबंधन को 'ओके' कह दिया। उसके बाद ही तय हो गया था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा से जुड़ेंगे। जो पटकथा लिखी गई थी, उसी के मद्देनजर नीतीश ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। नतीजतन कथित महागठबंधन की सरकार ढह गई। इस्तीफा देने के बाद नीतीश ने मीडिया से पुष्टि की और कहा कि गठबंधन में काम नहीं हो पा रहा था। यहां और वहां के लोगों को तकलीफ थी, लिहाजा हमने गठबंधन छोड़ दिया है। अब नया गठबंधन बन रहा है। आप खुद देखिएगा। बहरहाल रविवार को ही नीतीश कुमार का एनडीए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करना महज औपचारिकता थी। उनके साथ भाजपा के दो उपमुख्यमंत्रियों ने भी शपथ ली है। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के नाम लिए गए। सम्राट बिहार भाजपा के अध्यक्ष भी हैं। बिहार का राजनीतिक परिदृश्य पूरा ही बदल गया और लालू यादव, कांग्रेस खेमा मूकदर्शक ही बने रहे। इस बार नीतीश का मोहभंग होने और पलटी मार कर एनडीए में लौटने में सिर्फ डेढ़ साल लगा। नीतीश अगस्त, 2022 में भाजपा को छोड़ कर लालू यादव खेमे में गए थे। पलटी मारने की दलीलें नीतीश की वही रही हैं, जो 2022 और उससे पहले 2017 में थीं। आश्चर्य है कि भाजपा और राजद दोनों ही जद-यू को तोडने् की साजिश रचती रहती हैं और नीतीश बार-बार उन्हीं के साथ सरकार बनाते रहे हैं। दरअसल एक सवाल जनादेश, सरकार, पलटीमार राजनीति और लोकतंत्र को लेकर है। गौरतलब है कि 1995 से नीतीश कुमार ने विधायक का चुनाव ही नहीं लड़ा है। वह लगातार विधान परिषद में रहे हैं। उनके दलों को भी बहुमत का जनादेश कभी भी नहीं मिला है। फिर भी वह 9वीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। यह देश का राजनीतिक रिकॉर्ड है कि एक ही नेता ने, एक ही कार्यकाल के दौरान, तीन-चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। सवाल है कि नीतीश कुमार में ऐसा क्या आकर्षण है कि भाजपा और राजद दोनों ही उन्हें 'पलटी' मारने को समर्थन देते रहे हैं और उन्हें मुख्यमंत्री भी बनवा देते हैं? क्या नीतीश बिहार के राजनीतिक समीकरणों की विवशता हैं कि बहुमत न होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री बने हुए हैं? क्या यह पलटीमार राजनीति की अवसरवादिता नहीं है? मौजूदा जनादेश 2020 में भाजपा-जदयू को मिला था, क्योंकि दोनों ने साझा तौर पर चुनाव लड़ा था। उसके बाद का घटनाक्रम देश के सामने है। यह कैसा लोकतंत्र है कि बहुमत का जनादेश पाए बिना ही एक राजनेता लगातार कई सालों से बिहार का मुख्यमंत्री है? भाजपा और राजद भी बराबर की जिम्मेदार हैं, क्योंकि बहुमत उनके पक्ष में भी नहीं रहा है। चूंकि बिहार में लंबे अंतराल से 'जुगाड़ की सरकार' काम कर रही है, तो वह रसातल की ओर नहीं जाएगा, तो क्या स्थिति होगी? बिहार आज देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य है।

# ममता और नीतीश के बाद अब कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में नजर आ रहे हैं अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि वह जनवरी के अंत तक गठबंधन में सीटों का बंटवारा कर देंगे। अखिलेश ने ऐसा किया भी। गत सप्ताह के अंत में उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि कांग्रेस को 11 सीटें देने के साथ समझौता हो गया है, लेकिन इसके तत्काल बाद ही कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई और उसने साफ कह दिया कि वह इतनी सीटों पर राजी नहीं है। अब आगे क्या होगा, यह भी जल्द तय हो जायेगा। यदि कांग्रेस इतने पर नहीं मानी तो यूपी में भी इंडी गठबंधन टूट सकता है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने के लिए बना इंडी गठबंधन उत्तर भारत में हासिये पर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल और बिहार में इंडी गठबंधन की 'रीढ़' टूट चुकी है। आम आदमी पार्टी का रुख भी पंजाब को लेकर ऐसा ही नजर आ रहा है। अब बस उत्तर प्रदेश बचा है, लेकिन यहां भी हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी कांग्रेस के ढुलमुल रवैये से असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं बसपा तो बाहर थी ही। बात जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की कि जाये तो अखिलेश ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात लोकसभा सीटें समझौते के तहत दे दी हैं। इसी के साथ समाजवादी पार्टी ने अपने हिस्से की भी करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की तलाश तेज कर दी है। कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय भी हो गये हैं। इंडी गठबंधन का हाल यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से किनारा करके पीडीए यात्रा चला रखी है। उन्हें लगता है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगी। हालात यह हैं कि समाजवादी पार्टी ने यहां तक घोषणा कर दी है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश से गुजरने के दौरान पार्टी नेता उसमें शिरकत नहीं करेंगे।

अखिलेश की बातों से लग रहा है कि वह भी नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की तरह इंडी गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला कभी भी ले सकते हैं, लेकिन अखिलेश ने अभी तक इंडी गठबंधन के खिलाफ मुंह नहीं खोला है। अखिलेश यादव यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। ममता बनर्जी को मनाएं और साथ में लें। साथ ही छोटे-छोटे दलों को भी साथ में रखें। नीतीश के इंडी गठबंधन से बाहर जाने से अखिलेश थोड़ा असहज जरूर हैं, लेकिन उनके पारिवारिक संबंध लालू के परिवार से होने के कारण वह (अखिलेश) नीतीश के साथ खड़ा नजर नहीं आना चाहते हैं। परंतु ममता बनर्जी का इंडी गठबंधन से दूरी बनाना अखिलेश को बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा है। इसकी वजह ममता बनर्जी और अखिलेश के बीच अच्छी कैमिस्ट्री होना है।

दरअसल, अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगर नीतीश इंडिया गठबंधन में रहते तो प्रधानमंत्री बन सकते थे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन का जब ऐलान हुआ तो यूपी से राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाजवादी पार्टी इसमें शामिल हुई थी, लेकिन समय बीतने के साथ कांग्रेस और अखिलेश यादव के रिश्ते बिगड़ते गए। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच तनातनी सब ने देखी थी।



**अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई।**

बात लोकसभा चुनाव की कि जाये तो चुनाव में अब तीन महीने का समय बचा है लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फार्मूला भी तय नहीं हो पा रहा है। दरअसल कांग्रेस चाहती है कि यूपी में 2009 के उसके प्रदर्शन के आधार पर उसे सीटें दी जाएं, जबकि अखिलेश इस पर राजी नहीं हैं। सपा की तरफ से पहले ही संदेश दिया जा चुका है कि यूपी में वह ही प्रमुख विपक्षी पार्टी है और जो भी सीटें दी जाएंगीं, वह उसे अपने पास से ही देगी। दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस का रुख भी समाजवादी पार्टी से अलग अपनी राह बनाने का दिख रहा है। वह सपा के कंधे पर रख कर बंदूक चलाना चाहती है। हाल यह है कि एक तरफ कांग्रेस में प्रदेश भर में यात्राएं कर जनाधार मजबूत करने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में सरयू स्नान के जरिये भी संदेश देने की कोशिश की गयी। वहीं सपा और कांग्रेस के बीच एक-दूसरे के लिए तल्ख बयानबाजी भी सामने आ रही है। पार्टी के नेताओं द्वारा कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाये जा रहे हैं, हालांकि अखिलेश यादव सीधे-सीधे कुछ भी कहने से बचते रहे हैं।

कुल मिलाकर अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की ताजा स्थिति का लेकर कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल पर भी गठबंधन को बनाया गया था, लेकिन पहली बैठक में ही कांग्रेस ज्यादा तत्पर नहीं दिखी। हालांकि अखिलेश यादव ने ये भी साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं हैं, लेकिन यूपी में कांग्रेस के राहुल गांधी के साथ वह प्रचार करेंगे या नहीं इस पर उन्होंने बात समय पर छोड़ दी है।

बात यूपी में गठबंधन की सियासत की करते हुए पिछले कुछ वर्षों में लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि यूपी में बीजेपी के खिलाफ गठबंधन होता रहता है। कभी कांग्रेस-सपा हाथ मिलाते हैं तो कभी पुरानी दुश्मनी भूलकर माया-अखिलेश एक हो जाते हैं। बात आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इंडी गठबंधन की कि जाये तो अखिलेश के कांग्रेस के साथ आने से कांग्रेस को ही फायदा होगा। वर्तमान में सिर्फ रायबरेली की ही सीट कांग्रेस के पास है। समाजवादी पार्टी से सीट शेयरिंग होती है तो कहीं न कहीं कांग्रेस को उसके वोट बैंक का लाभ मिलेगा। वहीं अगर गठबंधन नहीं होता है तो कांग्रेस के लिए राहें आसान नहीं हैं। जमीन पर संगठन की उपस्थिति न के बराबर है। कांग्रेस के पास नेताओं की भी कमी है।

उधर, भाजपा का संगठन इस समय सबसे मजबूत स्थिति में है। रायबरेली में भी इस बार कांग्रेस के लिए आसान मुकाबला होने नहीं जा रहा। वहीं बसपा भी बेहद कमजोर स्थिति में है। सपा के साथ गठबंधन के चलते ही वह 2019 में 10 सीटें जीत सकी थी। बसपा का हाल ये है कि उसका विधानसभा में सिर्फ एक विधायक है। मुस्लिम मतदाता पिछले विधानसभा चुनावों में अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं कि वह सपा के ही साथ हैं। ऐसे में सीट शेयरिंग की कमान अखिलेश यादव के पास ही है।

खैर, समय और जरूरत के हिसाब से राजनेताओं को अपना चाल-चरित्र-चेहरा बदलते हुए देखना भले ही देश की जनता को अच्छा नहीं लगता हो, लेकिन नेताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। वह जानते हैं कि जनता की याद्दाश्त काफी कमजोर होती है, वह कोई बात ज्यादा समय तक याद नहीं रखती है। इसी का फायदा हमारे नेता उठाते हैं। आज की तारीख में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री इसकी सबसे बड़ी मिसाल हैं। जनता दल युनाइटेड के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तो पलटूराम तक की संज्ञा दी जाती है। इस कड़ी में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। आज समाजवादी नेता भले राम नाम की माला जप रहे हों, लेकिन उनकी पार्टी का दामन कारसेवकों के खून से सना है, यह बात भी भूली नहीं जा सकती है। अखिलेश की सियासत भी ऐसे ही नजर आ रही है जिसको लेकर बीजेपी तो उन पर हमलावर है ही, सपा के साथ खड़े दलों के नेता भी अखिलेश को आईना दिखा रहे हैं।

**-अजय कुमार**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि भगवान प्रभु श्री रामचंद्रजी ने भक्तों के लिए राजा का शरीर धराण किया और साधारण मनुष्यों के से अनेकों परम पावन चरित्र किए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जथा अनेक बेष धरि नृत्य करइ नट कोइ।**
**सोइ सोइ भाव देखावइ आपुन होइ न सोइ॥**

जैसे कोई नट (खेल करने वाला) अनेक वेष धारण करके नृत्य करता है और वही-वही (जैसा वेष होता है, उसी के अनुकूल) भाव दिखलाता है, पर स्वयं वह उनमें से कोई हो नहीं जाता,॥

**असि रघुपति लीला उरगारी। दनुज बिमोहनि जन सुखकारी॥**
**जे मति मलिन बिषय बस कामी। प्रभु पर मोह धरहिं इमि स्वामी॥**

हे गरुड़जी! ऐसी ही श्री रघुनाथजी की यह लीला है, जो राक्षसों को विशेष मोहित करने वाली और भक्तों को सुख देने वाली है। हे स्वामी! जो मनुष्य मलिन बुद्धि, विषयों के वश और कामी हैं, वे ही प्रभु पर इस प्रकार मोह का आरोप करते हैं॥

**नयन दोष जा कहँ जब होई। पीत बरन ससि कहुँ कह सोई॥**
**जब जेहि दिसि भ्रम होई खगेसा। सो कह पच्छिम उयउ दिनेसा॥**

जब जिसको (कवँल आदि) नेत्र दोष होता है, तब वह चंद्रमा को पीले रंग का कहता है। हे पक्षीराज! जब जिसे दिशाभ्रम होता है, तब वह कहता है कि सूर्य पश्चिम में उदय हुआ है॥

**नौकारूढ़ चलत जग देखा। अचल मोह बस आपुहि लेखा॥**
**बालक भ्रमहिं न भ्रमहिं गृहादी। कहहिं परस्पर मिथ्याबादी॥**

नौका पर चढ़ा हुआ मनुष्य जगत को चलता हुआ देखता है और मोहवश अपने को अचल समझता है। बालक घूमते (चक्राकार दौड़ते) हैं, घर आदि नहीं घूमते। पर वे आपस में एक-दूसरे को झूठा कहते हैं॥

**हरि बिषइक अस मोह बिहंगा। सपनेहुँ नहिं अग्यान प्रसंगा॥**
**माया बस मतिमंद अभागी। हृदयँ जमनिका बहुबिधि लागी॥**

हे गरुड़जी! श्री हरि के विषय में मोह की कल्पना भी ऐसी ही है, भगवान् में तो स्वप्न में भी अज्ञान का प्रसंग (अवसर) नहीं है, किंतु जो माया के वश, मंदबुद्धि और भाग्यहीन हैं और जिनके हृदय पर अनेकों प्रकार के परदे पड़े हैं॥

क्रमशः

# चुनावी साल में अंतरिम बजट से उम्मीदें

एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई हैं। वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।

निस्संदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा।

पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में लोक लुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है। जहां पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निस्संदेह वित्तमंत्री के मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई है, इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं। नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युफ्क्रिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है।

नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती हैं जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। यह भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट में वित्तमंत्री आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी सामाजिक सरोकार जैसी मदों में खर्च की बढ़ोतरी करते हुए दिखाई दें। उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत लगभग 50 हजार रुपए तक की नई कर राहत मिल सकती है। मानक कटौती सीमा को 50000 रुपए से बढ़ाकर 75000 रुपए किए जाने और जिन मकानों में व्यक्ति खुद रह रहा हो, उस पर लिए गए आवास ऋण पर ब्याज पर कर छूट की सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर कम से कम 2.5 लाख रुपए किए जाने की अपेक्षा है।

निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2022-23 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की कुल आबादी का 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। साथ ही देश में शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बता रहे हैं। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं जो उद्योग-कारोबार और पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे है, ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोक लुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# राशिफल

माघ कृष्ण- चतुर्थी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। मान-सम्मान में ठेस न लगे, इस बात का ध्यान रखिए।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बहुत बचकर पार करें। किसी तरीके का रिस्क न लें। चोट-चपेट लग सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपने स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम, संतान मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु परास्त होंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुकता में आकर निर्णय मत लीजिएगा। नुकसान संभव है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी का अनुभव करेंगे। गृह-कलह के संकेत हैं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी लेकिन अभी नए व्यापार की शुरुआत न करें। प्रेम, संतान अच्छा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन-हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। प्रेम, संतान भी बहुत अच्छा नहीं रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
खर्च की अधिकता मन को परेशानी उत्पन्न करेगी। अज्ञात भय सताएगा। कुछ भी चीज खोने और लॉस होने का भय है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
अचानक आय बढ़ सकती है और अप्रत्याशित घटनाएं घटेंगी। थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आपको शीघ्र शुभ समाचार मिलेगा। आपके घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

# योगी ने गाजियाबाद समेत 7 जिलों के बदले डीएम

## आईएएस इंद्र विक्रम सिंह बने गाजियाबाद के जिलाधिकारी

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने दो दिन पहले ही दर्जनों आईपीएस अफसरों के तबादले किए थे, अब सोमवार की देर रात सरकार ने यूपी के 19 आईएएस अफसरों के तबादलों की सूची जारी कर दी है। माना जाता रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले सरकार यह बदलाव कर रही है। सोमवार की रात जारी आईएएस अफसरों की तबादला सूची के अनुसार गाजियाबाद के डीएम भी बदल गए हैं। गाजियाबाद में आईएएस इंद्र विक्रम सिंह को तैनाती दी गई है।

सरकार की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार, गाजियाबाद के डीएम आरके सिंह को कानपुर नगर का डीएम बनाय गया है, जबकि उनके स्थान पर अलीगढ़ के डीएम विक्रम सिंह को गाजियाबाद भेजा गया है।

बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है।

इसी तरह कानपुर नगर के डीएम विशाख जी. को अलीगढ़ का डीएम बनाया गया है। फर्रुखाबाद के डीएम संजय कुमार सिंह प्रथम को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

रामपुर के डीएम रविंद्र कुमार मंदर को जौनपुर का डीएम बनाया गया, जबकि गाजियाबाद और रामपुर के डीएम को चुनाव आयोग की तैनाती की 3 साल की अवधि के मानक के तहत हटाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के विशेष सचिव दिव्यांशु पटेल को मुरादाबाद का नगर आयुक्त और आगरा के मुख्य विकास अधिकारी मनिकनंदन ए. को बरेली विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। डीएम जौनपुर अनुज झा को एसीईओ राज्य निर्वाचन आयोग बनाया गया। श्रम विभाग में तैनात निशा आनंद डीएम अमेठी बनायी गयीं हैं, वहीं RSA बीके सिंह DM फ़रुख़ाबाद बनाए गए हैं।

# महिला खिलाड़ियों ने वेट लिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / प्रयागराज, हिमांशु शुक्ल एवं अन्य अधिकारियों ने प्रयागराज मंडल की महिला खिलाड़ी कोमल कोहर, वाणिज्य लिपिक ने सीनियर कामनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2023 के 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, गौरी पाण्डेय, वाणिज्य लिपिक ने सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप -2024 के 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक एवं आरोकिया एलिस, वाणिज्य लिपिक ने सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप - 2024 के 87 किलोग्राम किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक (नेशनल रिकार्ड के साथ) जीतने पर बधाई और और उम्दा प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं।

45 किलोग्राम भार वर्ग की वेट लिफ्टर कोमल कोहर ने इससे पूर्व सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2021 में स्वर्ण पदक, आल इंडिया रेलवे वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक, सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2022 में स्वर्ण पदक जीत चुकीं हैं । कोमल कोहाड ने अपने भर वर्ग में 165 किलोग्राम भार उठाकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा सर्वश्रेष्ठ वेट लिफ्टर भी रहीं थी ।

55 किलोग्राम भार वर्ग की वेट लिफ्टर गौरी पाण्डेय ने इससे पूर्व जूनियर एशियन वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2018 में रजत पदक, सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक, आल इंडिया रेलवे वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2022 एवं 2023 में स्वर्ण पदक जीत चुकीं हैं । गौरी पाण्डेय ने अपने भर वर्ग में 184 किलोग्राम भार उठाकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था ।

87 किलोग्राम भार वर्ग की वेट लिफ्टर आरोकिया एलिस ने इससे पूर्व सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2019 में स्वर्ण पदक, सीनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2021 एवं 2022 में रजत पदक, सीनियर कामनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2021 में कांस्य पदक, नेशनल गेम्स वेट लिफ्टिंग- 2022 में स्वर्ण पदक, आल इंडिया इंटर रेलवे वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप- 2023 में स्वर्ण पदक जीत चुकीं हैं। आरोकिया एलिस ने अपने भर वर्ग में 218 किलोग्राम भार उठाकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा नया कीर्तमान स्थापित किया था।

## नोएडा क्राईम फाइल

### महिला ने घर में लगाई फांसी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला के शव को फांसी के फंदे से उतरा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया महिला पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद से ग्रस्त थी।

थाना प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि जलपुरा गांव में राजकिशोर के मकान में रहने वाले शक्तिनाथ चौधरी की पत्नी सोनी चौधरी कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन सोनी चौधरी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो सोनी चौधरी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शक्ति नाथ चौधरी मूल रूप से जनपद खगड़िया बिहार का रहने वाला है और दो माह पहले ही अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जलपुरा गांव में किराए पर रहने के लिए आया था। शक्ति नाथ चौधरी सुबह अपनी ड्यूटी पर चला गया था। शाम के समय जब वह वापस लौटा तो उसे घर का दरवाजा बंद मिला। शक्ति नाथ चौधरी ने पुलिस को बताया कि सोनी चौधरी पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद से ग्रस्त थी और उसका इलाज चल रहा था।

### पेट्रोल पंप से चुराये इंजन ऑयल के डब्बे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पेट्रोल पंप से सर्वो इंजन ऑयल के डब्बे चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के चार डब्बे तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बीते दिनों डोली पेट्रोल पंप के मैनेजर ने पेट्रोल पंप से इंजन ऑयल के डब्बे चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मैनेजर का कहना था कि पूर्व में भी उनके पेट्रोल पंप से इंजन ऑयल के डब्बे चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीती शाम मुखबिर ने सूचना दी कि पेट्रोल पंप पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर 5 के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मार कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा, कारतूस व सर्वो इंजन ऑयल के डब्बे बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अनिल शर्मा निवासी विजयनगर प्रताप विहार गाजियाबाद बताया। आरोपी ने बताया कि उसने इंजन ऑयल के यह डब्बे डॉली पेट्रोल पंप से चोरी किए थे और वह इन्हें बेचने के लिए जा रहा था।

### सोसायटी से साइकिल चुराते दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बरौला की हिंडन विहार सोसाइटी से साइकिल चोरी कर ले जा रहे चोर को गार्ड ने मौके पर ही दबोच लिया। चोर ने गार्ड के साथ मारपीट कर भागने का प्रयास किया लेकिन नागरिकों ने उसे पकड़कर थाना सेक्टर-49 पुलिस के हवाले कर दिया।

हिंडन विहार सोसायटी के अध्यक्ष धीर लाल चौहान ने बताया कि दोपहर के समय एक व्यक्ति समिति से साइकिल चोरी कर ले जा रहा था। शक होने पर सोसायटी के गार्ड ने उसे रोका तो वह उससे उलझ गया और मारपीट करने लगा। शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और चोर को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम मिथुन कुमार बताया। आरोपी के पास से सोसायटी से चोरी की गई हरक्यूलिस साइकिल भी बरामद हुई। आर डब्लू ए अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में भी सोसाइटी से कई साइकिल चोरी हो चुकी है।

### अस्पताल में पत्नी के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है।

भगत कंपलेक्स ऐच्छर निवासी पूजा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी मां मिथिलेश पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही है और जिम्स अस्पताल में भर्ती है। वह उसकी देखभाल के लिए अस्पताल में उसके साथ थी बीती रात्रि उसका पति कौशल अस्पताल पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज करने लगा उसने जब इस बात का विरोध किया तो कौशल ने अस्पताल में ही उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आस-पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव करके किसी तरह उसे कौशल के चंगुल से छुड़ाया इसके बाद कौशल उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पूजा के मुताबिक उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गामा 2 मार्किट की नई कार्यकारिणी का गठन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में आज गामा-2 व्यापार मंडल नामक एक नई इकाई शुरू की गयी है जिसकी कार्यकारिणी का भी गठन कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत निचे लिखे सभी लोग सबकी सहमति से चुने गए।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक सत्यप्रकाश अग्रवाल, अधिवक्ता मुकेश शर्मा को बनाया गया है। अध्यक्ष नरेश कुमार, उपाध्यक्ष दीपक भाटी, उपाध्यक्ष हिमांशु मित्तल, महासचिव मुकेश कुमार वार्ष्णेय, उप महासचिव राजकुमार, उप महासचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता इसके साथ ही कार्यकारणी सदस्य के रूप में सुरजीत सिंह, महेश शर्मा, राजेश कुमार वार्ष्णेय, गौरव अग्रवाल, विकास कालरा, विक्रम मित्तल, मुकेश कुमार साध, मयंक सिंह, मनीष खन्ना, भूपेंद्र शर्मा, कुवरपाल सिंह, विक्रम भाटी, मक्खन सिंह, देवराज ( देव स्टेशनरी), देव तनेजा (टाइम टू टाइम) की नियुक्ति की गयी है।

# दुर्घटना में घायल युवक की बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कलयुग के दौर में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो आपदा में अवसर तलाशने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना दादरी क्षेत्र में प्रकाश में आया है यहां सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर ही चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

सुशीला विहार बुलंदशहर निवासी गौरव कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई शुभम भास्कर बीते 24 जनवरी को दिल्ली से बुलंदशहर अपने घर बाइक से आ रहा था। पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में शुभम भास्कर गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने उसे निकट के ही अशोक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। शुभम भास्कर की बिगड़ती हालत को देखकर चिकित्सक ने उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उन्होंने अपने भाई को बुलंदशहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। गौरव कुमार के मुताबिक भाई को भर्ती कराने के बाद जब वह घटनास्थल पर अपने भाई की बाइक लेने के लिए गया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक से के बारे में पूछताछ की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### लिंक पर क्लिक करते ही जेब कटी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अनजान व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। लिंक पर क्लिक करते ही उक्त व्यक्ति के सेविंग बैंक खाते से 50 हजार रूपए निकल गए। पीड़ित ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ थाना सेक्टर 24 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 34 सी ब्लॉक निवासी मदन कुमार गोयल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 26 जनवरी को उसके मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति ने लिंक भेजा। उसने जैसे ही उक्त लिंग पर क्लिक किया तो उसके स्टेट बैंक अकाउंट से 50000 रूपये निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसने तुरंत अपने साथ फ्रॉड होने की सूचना कस्टमर केयर और पुलिस को दी।

थाना प्रभारी में बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उस खाते का विवरण जुटा रही है जिस खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**सोरेन की कार में ...**

और सेक्रेटरी और गृह सचिव को राज्यपाल ने राजभवन बुलाया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि राज्यपाल ने उन्हें सीएम का ठिकाना बताने के लिए अपने यहां बुलाया है. साथ ही बीजेपी ने दावा किया है कि सीएम हेमंत सोरेन 30 घंटों से ज्यादा वक्त से लापता हैं।

**17 लोगों को आरोपी बनाया गया था**

आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी एके इंफोसिस्टम के नाम कर दी थी। जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 17 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

**लापता हैं सीएम ...**

उन्हें ट्विटर पर लिखा, तलाश है झारखंड के गुमशुदा मुख्यमंत्री की जिस किसी भी सज्जन को यह व्यक्ति दिखें तो, दिए गए पते पर तुरंत सूचित करें। सही जानकारी देने वाले को 11 हजार रुपये नगद राशि दी जाएगी।

आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले ईडी ने उन्हें 10वां समन भेजा था और 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच पेश होने के लिए कहा था. अगर वह ईडी के सामने पेश नहीं होते हैं तो एजेंसी उनके आवास पर जाकर पूछताछ करेगी।

**गैंगस्टर के भाई की हत्या...**

पकड़ा गया बदमाश नवीन शर्मा, दिल्ली के कुख्यात कपिल मान गैंग के साथ मिलकर दिल्ली में बिल्डर की हत्या को अंजाम दे चुका है। बदमाश नवीन ने क्रू मेंबर और गैंगस्टर प्रवेश मान के छोटे भाई सूरजमान की हत्या करने से पहले कपिल को रैकी कर सूचना दी थी और हत्या के लिए शूटर उपलब्ध कराये गये थे। अन्य कई गैंग का भी अभियुक्त सक्रिय सदस्य है। बदमाश के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस, 1 खोखा कारतूस 315 बोर और एक बाइक बरामद हुई है।

**अपना भवन बनाने में ....**

इसलिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया।

जिस समय कंपनी ने काम करना बंद किया उस समय तक वो टावर-1 में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर और टावर-2 में ग्राउंड प्लस सात फ्लोर और ऑडिटोरियम का स्ट्रक्चर कार्य पूरा कर चुकी थी। यही नहीं टावर-1 में तीसरे फ्लोर तक प्लास्टर कार्य व स्टोन फ्लोरिंग दूसरे फ्लोर तक कर चुका था।कुल लागत बजट 231.91 करोड़ के सापेक्ष फर्म की ओर से 116.05 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका था।

दो साल तक काम बंद रहने के बाद प्राधिकरण ने अक्टूबर में दोबारा से कार्य के लिए निविदा जारी की। इस बार 11 अक्टूबर 2022 को एसटी कंस्ट्रक्शन के साथ प्राधिकरण ने एग्रीमेंट साइन किया। कंपनी ने बचे हुए काम को 92 करो? 37 लाख रुपए में पूरा करेगी। ये काम 2024 जनवरी तक पूरा करना था। लेकिन आईआईटी की रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया। यहां कई स्थानों का मजबूती का आकलन किया गया। जो कमजोर पाए गए। ऐसे में उनकी मरम्मत का काम किया जा रहा है। पहले इसकी डेड लाइन जून 2024 थी। अब अक्टूबर में यहां प्रशासनिक कार्यालय शिफ्ट होगा।

परियोजना का निर्माण 24 हजार वर्गमीटर किया जा रहा है। इसमें दो टावर बनाए जा रहे है। पहला टावर ग्राउंड प्लस 3 यानी चार मंजिल पहले ये 18 मंजिल का बनना था। इसका एरिया 11 हजार 340 वर्गमीटर दूसरा टावर ग्राउंड प्लस सात फ्लोर कुल आठ फ्लोर का। कुल कवर्ड एरिया 14 हजार 840 वर्गमीटर, आडिटोरियम 1780 वर्गमीटर क्षमता 488 नग, प्रथम बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्गमीटर, सेकंड बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्गमीटर, परियोजना का कुल बजट 303.92 करोड़, सिविल कार्य के लिए 231.11 करोड़ तथा विद्युत के लिए 72.81 करोड़ रूपये का है।

**परचून दुकानदार पर.....**

भागने लगे लेकिन कुछ दूर जाकर उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। मौजूद लोगों ने दोनों बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। प्रताप सिंह के मुताबिक उसे जानकारी मिली कि नज़ाकत राहुल अपने रिश्तेदारों व जानकारी को बुलाकर लूट की वारदातों को अंजाम दिलाता है। उसकी दुकान पर नजाकत अकसर आता था और उसे जानकारी थी कि उसकी दुकान में हमेशा सामान की बिक्री के पैसे रखे होते हैं। प्रताप ने नजाकत उर्फ राहुल फिरोज इमरान के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। इस फुटेज में पूरा घटनाक्रम कैद हो गया है।

**प्राधिकरण के कर्मचारी....**

तथा झुग्गी झोपड़ी वालों की तर्ज पर संविदा एवं अस्थाई कर्मचारियों को फ्लैट व प्लांट देना शामिल है। उन्होंने कहा यदि कल तक सभी मांगों का लिखित में आश्वासन नहीं दिया गया तो 6 फरवरी से सभी कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे।


**हाइवे पर....**

सड़क पर रिफाइंड फैला होने की वजह से कई बाइक चालक फिसल कर गिर गए।हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली बादलपुर और ट्रैफिक पुलिस पहुंची और ट्रक को हटाकर तथा सड़क पर मिट्टी और रेत डालकर यातायात को सामान्य कराया। बादलपुर पुलिस मामले में जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रही है।



## सरकार बनते ही एक्शन में आई बीजेपी, चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

पटना। बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई में नई सरकार बनते ही बीजेपी एक्शन में आ गई है। बताया जा रहा है कि अब एनडीए की सरकार बनने के बाद आरजेडी के खिलाफ पहला एक्शन लिया गया है। मामला विधानसभा अध्यक्ष से जुड़ा बताया जा रहा है। दरअसल विधानसा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिये बीजेपी के नन्दकिशोर यादव सहित कई अन्य विधायकों ने विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस भेजा है। माना जा रहा है कि



इस्तीफा नहीं देने पर अवध बिहारी चौधरी को बहुमत से हटाने को तैयारी की जा रही है। बिहार में विधानसभा के दलगत स्थिति की बात करें तो एनडीए गठबंधन के पास कुल 128 विधायक हैं तो वहीं विपक्षी महागठबंधन के पास केवल 114 विधायक हैं। इस समय बिहार विधानसभआ के स्पीकर अवध बिहारी चौधरी हैं जो कि राजद कोटे से हैं। अब उनके खिलाफ 128 विधायकों के होने से उनका हटना तय माना जा रहा है।

## हरियाणा में अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी आप : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि उनकी पार्टी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बल पर हरियाणा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि आप हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव इंडिया ब्लॉक पार्टियों के साथ गठबंधन में लड़ा जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि आम चुनाव के लिए हम गठबंधन सहयोगियों के साथ समझौता कर रहे हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव के लिए, हम अपने दम पर सभी 90 सीटों पर लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेगी। उन्होंने पूछा कि हरियाणा के दोनों तरफ, आप की सरकारें हैं। मुझे विश्वास है कि हम सरकार बनाएंगे। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। केजरीवाल की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि आप विधानसभा चुनाव से पहले



हरियाणा पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। 2019 के चुनावों में भाजपा ने 40 सीटें जीती और कांग्रेस ने 31 सीटें जीतीं। दुष्यंत चौटाला द्वारा स्थापित जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने 10 सीटें जीतीं और सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन किया। 2019 के चुनाव में सात निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की।

## हर साल गणतंत्र दिवस के बाद मनाई जाती है बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के बाद हर साल 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट समारोह होता है। इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक समापन किया जाता है। बता दें इस कार्यक्रम में थल सेना, वायुसेना और नौसेना का बैंड ट्रेडिशनल बीट के साथ मार्च करते हैं और राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया जाता है। यहां पर सवाल ये भी आता है कि हर साल गणतंत्र दिवस के बाद ही बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी क्यों मनाई जाती है दरअसल गणतंत्र दिवस के समापन समारोह को ही बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी कहा जाता है। एक तरह से बीटिंग रिट्रीट सेना का अपने बैरक में लौटने का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसा माना जाता है, जब शाम के वक्त सेनाएं युद्ध समाप्त करके लौटती थी और युद्ध के मैदान से वापस आने के बाद अपने अस्त्र-शस्त्र उतार कर रखती थी। इस दौरान झंडे नीचे उतार दिए जाते थे और इस प्रक्रिया को ही बीटिंग रिट्रीट कहते हैं। बीटिंग द रिट्रीट की शुरुआत 17वीं शताब्दी में इंग्लैंड से हुई थी। तब इंग्लैंड के किंग जेम्स सेंकड ने अपने सैनिकों को ड्रम बजाने, झंडे डाउन करने और जंग खत्म होने के बाद की घोषणा करने के लिए एक परेड आयोजित करने का आदेश दिया था। उस समय इस सेरेमनी को वॉच सेटिंग कहा जाता था। हम बता दें कि भारत में रीट्रीट सेरेमोनी की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। तभी से इसे बीटिंग रीट्रीट कहा जाने लगा है। तब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट ने इस कार्यक्रम को सेनाओं के बैंड के साथ इसका प्रदर्शन किया था जिसें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि और उनके साथ ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और उनके पति प्रिंस फिलिप देश की आजादी के बाद पहली भारत यात्रा पर आए थे। उस दौरान वे अथिति के तौर पर यहां कार्यक्रम में शामिल हुए थे। तभी से यह परंपरा गणतंत्र दिवस समारोह का अभिन्न हिस्सा बन गई, जो निरंतर जारी है।

## सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश गलत, कार्यक्रम पर नहीं लगाई रोक

**–राम मंदिर प्रसारण पर कथित रोक पर तमिलनाडु पुलिस ने दिया हलफनामा**

नई दिल्ली। तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक को लेकर डीजीपी ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की गई, जबकि यहां मंदिरों में प्रसारण को लेकर कोई रोकटोक नहीं की गई थी। इस मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा भी दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ था। पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने तमिलनाडु सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि बिल्कुल गलत और निंदनीय है। रअसल तमिलनाडु भाजपा ने आरोप लगाया था कि बीती 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार ने राज्य के मंदिरों में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण और विशेष पूजा अर्चना पर रोक लगा दी थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी राज्य सरकार पर ऐसे ही आरोप लगाए थे और कहा था कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम करने के लिए लोगों को धमकाया जा रहा है। उन्होंने सरकार के इस कदम की तीखी आलोचना की थी।

## कश्मीर में लंबी नौशेरा सुरंग का उद्घाटन

जम्मू। नौशेरा सुरंग का उद्घाटन रविवार को भारत माता की जय के जयघोष से हुआ। 700 मीटर लंबी यह सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ती है। सीमा सड़क संगठन ने तय समय से पहले इस सुरंग को पूरा कर लिया है। 200 किलोमीटर लंबा अखनूर-पुंछ गोल्डन आर्क रोड रणनीतिक दृष्टि से भी अहम है। ये दक्षिण कश्मीर और जम्मू क्षेत्र को प्रदेश के पश्चिमी इलाकों से जोड़ता है। यह अखनूर, राजोरी और पुंछ जैसे सीमावर्ती जिलों का आपस में मिलाती है। इस खंड में 4 प्रमुख सुरंगें हैं। सीमा सड़क संगठन के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने सफलता समारोह में भाग लिया और इस परियोजना के महत्व को बताया जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने और राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करने में एक बड़ा कदम है। पिछले साल 25 नवंबर 2023 को कंडी सुरंग में सफलता हासिल की गई थी जो राजोरी और पुंछ के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में बीआरओ के प्रयासों को दर्शाता है। इस परियोजना के निर्धारित समय से पहले 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। अपने संबोधन के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ जम्मू-पुंछ क्षेत्र में दूरदराज के क्षेत्रों को प्रमुख केंद्रों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहा है। जम्मू-पुंछ लिंक तेजी से आगे बढ़ रहा है। एलओसी पर रक्षा बुनियादी ढांचे के बारे में पूछे जाने पर डीजी बीआर ने उल्लेख किया कि रक्षा बुनियादी ढांचे का विकास एक सतत प्रक्रिया है। सीमा सड़क संगठन आईबी, एलओसी और एलएसी पर रणनीतिक सड़कों के निर्माण और उन्नयन द्वारा बुनियादी ढांचे रक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


# राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर कांग्रेस नेता का तंज, पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही

**– नीतिश ने इंडिया गठबंधन का दाह संस्कार कर दिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर कटाक्ष कर राजनीतिक पर्यटन कहकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी यात्रा कर रही है, जबकि अन्य पार्टियां 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कुछ बहुत महान और बुद्धिमान नेता हैं। जहां एक ओर सभी दल 2024 चुनाव के लिए कमर कस रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पूरी कांग्रेस पार्टी राजनैतिक टूरिज्म कर रही है। दरअसल, हम यह पता लगाएंगे कि 2024 के बाद 2029 का चुनाव कैसे जीता जाए।

पार्टी आलाकमान पर तंज कसते हुए कृष्णम ने कहा कि ऐसा लगता है कि हम 2029 के चुनाव के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। अगर हम 2024 की तैयारी कर रहे होते तब ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अपनी स्थापना के बाद से ही गंभीर बीमारियों से संक्रमित रहा है। फिर यह आईसीयू में चला गया। जिसके बाद इंडिया गठबंधन को वेंटिलेटर पर रखा गया था। बाकी बचा हुआ रविवार को नीतीश कुमार ने इसका दाह संस्कार कर दिया। अब इंडिया गठबंधन क्या होगा। राहुल गांधी की यात्रा सोमवार को बिहार में प्रवेश कर गई, जिसके एक दिन पहले ही इंडिया ब्लॉक में इसके पूर्व सहयोगी जद (यू) ने विपक्षी दलों से नाता तोड़कर अपने पुराने संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया।

बिहार की राजनीति में विभाजन से पहले, कांग्रेस नेता ने कहा कि नीतीश ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है, और यह उनके फैसलों के कारण है कि इंडिया ब्लॉक, जिस विपक्ष के लिए नई उम्मीद के रूप में देखा जाता था, खतरे में है। उन्होंने कांग्रेस को देशभर में अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव दिया।



## सीएम शिंदे ने प्रतापगढ़ किले के संरक्षण का किया वादा

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रतापगढ़ किले के संरक्षण का वादा किया है। उन्होंने रविवार को कहा कि सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतापगढ़ किले के संरक्षण के लिए कोई कमी नहीं रखेगी। बता दें कि सीएम शिंदे रविवार शाम को सतारा जिले की महाबलेश्वर तहसील के पार में दुर्ग रायेश्वर से प्रतापगढ़ किला अभियान के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा और ऊर्जा के साथ काम कर रही है। प्रतापगढ़ किला उनकी वीरता का प्रतीक है। प्रतापगढ़ किले के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपये की योजना प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गई है, जिसमें से 13 करोड़ रुपये हाला ही में उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इस किले के संरक्षण के लिए कोई कमी नहीं रखेगी। सीएम शिंदे ने कहा कि चूंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने रायेश्वर



में स्वराज्य की शपथ ली थी, इसलिए यह स्थान महत्वपूर्ण हो गया है। यह हमारा भाग्य है कि हम उस भूमि पर पैदा हुए जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पवित्र स्पर्श से धन्य हुई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को गौरवशाली विरासत से अवगत कराने के लिए ऐसे अभियान महत्वपूर्ण हैं और सरकार राज्य के सबसे पुराने मंदिरों के संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक मकरंद पाटिल, महेश लांडगे, नितेश राणे, संभाजी भिड़े एवं अन्य नेतागण व लोग उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार को जनता सिखाएगी सबक : शरद पवार

**–जेडीयू के एनडीए में शामिल होने पर राकांपा ने की तीखी आलोचना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा विपक्ष के महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होने पर शरद पवार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने जेडीयू की आलोचना करते हुए कहा कि नीतीश कुमार को जनता सबक सिखाएगी। बता दें कि बिहार की घटना ने सभी विपक्षी दलों को बैकफुट पर ला दिया है। इस पूरे घटनाक्रम से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दिग्गज नेता शरद पवार काफी हैरान हैं। उन्होंने इसके लिए नीतीश कुमार की जमकर आलोचना भी की है। एनसीपी के मुखिया आश्चर्य में हैं कि आखिर नीतीश कुमार का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ, ऐसा क्या हुआ कि आगामी लोकसभा चुनावों में बीजेपी का मुकाबला करने के लिए इंडिया ब्लॉक को अस्तित्व में लाने वाले नीतीश कुमार ने बीजेपी का ही हाथ थाम लिया। शरद पवार ने बिहार में महागठबंधन को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि वह बीजेपी के खिलाफ इंडिया ब्लॉक पर काम कर रहे थे, मुझे नहीं पता कि अचानक क्या हुआ जो वह



बीजेपी के साथ चले गए, लेकिन भविष्य में जनता उन्हें उनकी भूमिका के लिए सबक जरूर सिखाएगी।

मीडिया से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि इतने कम समय में पटना में जो कुछ भी हुआ, ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं दिखी है। मुझे याद है कि यह नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए महागठबंधन की पहल की थी और सभी गैर-भाजपा दलों को पटना बुलाया था, लेकिन पिछले 10-15 दिनों में ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने इस विचारधारा को छोड़ दिया और बीजेपी में शामिल होकर सरकार बना ली। उधर नीतीश कुमार के बीजेपी के साथ जाने पर इंडिया ब्लॉक में शामिल दूसरे दलों के नेता ने बिहार के सीएम पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पीएम मोदी और भाजपा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से डरे हुए थे, जो बिहार में प्रवेश करने वाली है।

रमेश ने कहा कि बिहार के लोग विश्वासघात के एक्सपर्ट और उन्हें अपने इशारों पर नचाने वालों को माफ नहीं करेंगे। इसी तरह की प्रतिक्रिया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देते हुए कहा कि वे जानते थे कि नीतीश कुमार दल बदल सकते हैं। देश में आया राम, गया राम जैसे कई लोग हैं। वहीं टीएमसी ने कहा कि, यह कोई नई बात नहीं है। नीतीश कुमार राजनीतिक कलाबाजियों के लिए ही जाने जाते हैं। जनता इस तरह के अवसरवादी नेताओं को जवाब देगी। जबकि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा बीजेपी कभी इतनी कमजोर नहीं हुई जितनी आज हो गई है। अखिलेश ने कहा कि आज विश्वासघात का एक नया रिकॉर्ड बन गया है।

## ज्ञानवापी मामला: एएसआई रिपोर्ट आने के बाद फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकता है हिन्दू पक्ष

**– अब वजूखाना के भी सर्वे की मांग कर सकता है हिंदू पक्ष**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ज्ञानवापी मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट आने के बाद हिन्दू पक्ष अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। बताया जा रहा है कि एएसआई की रिपोर्ट के बाद भी कुछ ऐसे मसले हैं, जिनसे कुछ खुलासा होना बाकी है। हिन्दू पक्ष की ओर से इस संबंध में आज सोमवार को याचिका दाखिल करने की तैयारी है। हिन्दू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद में पूर्वी दीवार को चिनाई करवाकर बंद कर दिया गया था। अदालत के आदेश के मुताबिक अब तक बिना कोई खुदाई किए सर्वे किया गया है। लिहाज़ा ये नहीं पता चला है कि बंद दीवार के पीछे क्या है। हिन्दू पक्ष की दलील है कि ज्ञानवापी के वजूखाना में शिवलिंगनुमा आकृति को लेकर भी अब तक वास्तविकता सामने नहीं आ सकी है। इसका अब तक सर्वे नहीं हुआ है। अब हिंदू पक्ष एएसआई रिपोर्ट का हवाला देकर वजूखाना के भी सर्वे की मांग कर सकता है। दरअसल, ज्ञानवापी परिसर की एएसआई की सर्वे रिपोर्ट बुधवार को मुकदमे के पक्षकारों ने सार्वजनिक कर दी। सर्वे के दौरान 32 जगह मंदिर से संबंधित प्रमाण मिले हैं। पक्षकारों ने जो सर्वे रिपोर्ट दी है, वह 839 पेज की है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षकारों को देने का आदेश दिया था। इसकी कॉपी पक्षकारों को गुरुवार को कोर्ट से मिली है। इसके बाद हिंदू पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बातचीत की और कहा कि सर्वे से साबित हो गया कि ज्ञानवापी बड़ा हिंदू मंदिर था। उसे तोड़कर मस्जिद का रूप दिया गया। अब सील वजूखाने के सर्वे का अनुरोध किया जाएगा। गौरतलब है कि 18 दिसंबर को एएसआई ने कोर्ट में सील बंद लिफाफे में स्टडी रिपोर्ट सौंपी थी। इसी दिन हिंदू पक्ष ने कोर्ट से सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की थी लेकिन मुस्लिम पक्ष ने इस पर आपत्ति जताई थी। हालांकि, बाद में मुस्लिम पक्ष ने भी कोर्ट से कॉपी सौंपने की मांग की जिस पर 3 जनवरी को सुनवाई होनी थी। हालांकि उस दिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 5 जनवरी को कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन कोई फैसला नहीं आया। इसके बाद 24 जनवरी की सुनवाई में कोर्ट ने सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को देने को लेकर फैसला सुनाया।

## नियमों में छूट देकर उपराज्यपाल ने दी अनुकंपा नियुक्ति को मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उम्र और शारीरिक मानकों के निर्धारित मानदंड में छूट देते हुए पुलिस में अनुकंपा को मंजूरी दी है। जानकारी के अनुसार दो व्यक्तियों की नियुक्ति को एलजी ने मंजूरी दी है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को महिपाल और लव चौधरी को कांस्टेबल (कार्यकारी) के पद पर नियुक्ति आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। बता दें कि हेड कांस्टेबल के लिए सीने का माप 2.0 सेमी और कांस्टेबल (कार्यकारी) के लिए आवश्यक 5.2 सेमी कम होने के कारण महिपाल की नियुक्ति पर विचार नहीं किया गया था। वहीं, लव चौधरी की आयु कांस्टेबल (कार्यकारी) और कांस्टेबल (ड्राइवर) पद के लिए 29 वर्ष और 30 वर्ष की आयु के मुकाबले 30 वर्ष 8 महीने थी। दोनों ही मामलों में उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस (नियुक्ति और भर्ती) नियम, 1980 के नियम 30 के तहत सीने का माप और उम्र के निर्धारित मानदंड में ढील देने के प्रावधान का उपयोग किया। एलजी ने सेवा के दौरान दिवंगत हुए पुलिसकर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति आदेश जारी करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि महिपाल के पिता कांस्टेबल मुकना राम की मौत 22 दिसंबर 2000 को हो गई थी। वहीं, चौधरी के पिता की मृत्यु चार सितंबर 2022 को सेवा में रहते हुई थी।



## शीतलहर की चपेट में पूरा उत्तर भारत, कई इलाकों में बारिश के आसार

**–घने कोहरे से दृश्यता हुई बेहद कम, पूर्वोत्तर में बर्फीली हवाओं का कहर जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस समय पूरा उत्तर भारत शीत लहर की चपेट में हैं। पूर्वोत्तर में तो बर्फीली हवालों ने कहर ढा रखा है। जबकि घने कोहरे से सामने की चीजें भी नहीं दिखाई दे रही हैं। भारतीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पंजाब से लेकर बिहार और हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, ओडिशा, उत्तरी मध्य प्रदेश और पूर्वोत्तर के असम, नगालैंड और मणिपुर में घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में बर्फीली ठंड भी महसूस की गई। हालांकि दो दिन चअख धूप निकली थी, इसके बाद फिर घना कोहरा छाने से उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में बर्फीली ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार को हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहा। खराब मौसम और घने कोहरे के चलते ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा और उड़ानों में भी देरी हुई।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी कम से कम दो से तीन दिन घना कोहरा और भीषण ठंड की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि तीन फरवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर वर्षा की भी संभावना है। उत्तर भारत में 6-9 डिग्री सेल्सियस के बीच न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया जो सामान्य से 3-6 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा। चंडीगढ़ में सुबह न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। तमिलनाडु के ऊटी में पारा 1.3 डिग्री दर्ज किया गया है। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में हिल स्टेशन ऊटी में कश्मीर जैसे हालात देखने को मिले हैं और न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क कर आ गया है। यहां पर कड़ाके की ठंड से जनजीवन पर असर पड़ा है।

# कांग्रेस में महिलाएं सुरक्षित नहीं, वे मेरे ब्लाउज पर कमल के निशाना पर बात करते : बिस्मिता

**–असम में 150 से ज्यादा नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में कांग्रेस का साथ छोड़ने वालीं पूर्व विधायक बिस्मिता गोगाई ने बिना नाम लिए पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व महिला विधायक कहना है कि पार्टी के नेता उनके ब्लाउज पर कमल के बारे में बात करते थे। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के लिए सम्मान नहीं है। कांग्रेस और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसु) के 150 से ज्यादा नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं।

बिस्मिता गोगोई ने बताया है कि कैसे ब्लाउज से जुड़ी घटना ने उन्हें प्रभावित किया था। साथ ही उन्होंने बताया कि इसके बारे में कांग्रेस नेता तक बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी नहीं सोचा था कि ब्लाउज पर कमल है या नहीं। मैंने कमल की डिजाइन वाला ब्लाउज पहना था, जो सामान्य बात है।

उन्होंने कहा, मुझे यहां सार्वजनिक रूप से ब्लाउज के बारे में बात करने तक में परेशानी हो रही है। यह घटना भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी, जो खुमतई में प्रदेश स्तर पर निकाली गई थी। यात्रा के दौरान मैंने वे ड्रेस पहनी थी। उन्हें लगा कि यह संकेत है कि मैं भाजपा में जाने की योजना बना रही हूं। यहां तक कि शीर्ष नेतृत्व भी इस मुद्दे पर राजीव भवन में बात कर रहा था।



उन्होंने बताया कि घटना से उन्हें गहरा धक्का लगा था और रोना आया था। उन्होंने कहा, यह महिलाओं के लिए अपमान की बात है। मुझे उस घटना से दुख पहुंचा था। मेरा सम्मान उस दिन ही खत्म हो गया था। अगर पार्टी में महिला विरोधी बातें होती रहेंगी, हर कदम पर मेरा मानसिक शोषण किया गया। वे मुझे काम में शामिल नहीं करना चाहते थे। मुझे कई बड़े चर्चाओं से दूर रखा गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, बिस्मिता ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस इतना नीचे गिर चुकी है कि वे मेरे ब्लाउज के बारे में बात करते हैं। वे कहते हैं कि मेरे ब्लाउज पर कमल है और इसलिए मैं भाजपा में शामिल हो रही हूं। मुझे दुख है कि वे महिलाओं का सम्मान नहीं करते। मुझे दुख है कि वे महिलाओं का सम्मान नहीं करते। मैं नाम नहीं ले सकती, लेकिन मुझे कहा गया है कि कांग्रेस के एक नेता ने कहा है, जिसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भाजपा में शामिल होने वालों में असम यूथ कांग्रेस असम की पूर्व अध्यक्ष अंकिता दत्ता का नाम भी है। वह भी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीबी श्रीनिवास पर उत्पीड़न के आरोप लगा चुकी हैं।

# नीतीश के पाला बदलने से इंडिया गठबंधन हुआ कमजोर, मोदी की ताकत बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजनीति के जानकार बता रहे हैं कि नीतीश कुमार के पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने से जहां इंडिया गठबंधन कमजोर हुआ है, वहीं पीएम मोदी की ताकत बढ़ गई है। बता दें कि उनके इस क़दम से 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ बन रहे इंडियन नेशनल डिवेलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) को तगड़ा झटका लगा है। सीएम और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेताओं के मुताबिक़ इंडिया गठबंधन के सूत्रधान नीतीश कुमार ही थे। यह इसलिए भी महत्वूर्ण था कि उन्होंने दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाक़ात कर उन्हें कांग्रेस के साथ इस गठबंधन में शामिल किया। नीतीश कुमार का यह क़दम उस दिन सामने आया, जब एक दिन बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बंगाल से लगे किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश कर रही है।

बीजेपी के रणनीतिकारों ने एनडीए को और अधिक फ़ायदा पहुंचाने के लिए यह दिन तय किया। इससे उसे कई राज्यों में सीट बँटवारे में फँसे इंडिया गठबंधन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। बीजेपी का अनुमान है कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरी बार सत्ता में लौटने के लिए उत्तर भारत में उनके लिए जबरदस्त माहौल तैयार किया है। गौरतलब है कि बीजेपी ने अभी हाल ही में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का विधानसभा चुनाव जीता है। इससे हिंदी भाषी राज्यों में उसकी ताक़त बढ़ी है।

नीतीश कुमार के अगस्त 2022 में महागठबंधन में शामिल हो जाने से बीजेपी बिहार में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही थी। हालांकि विधानसभा की 79 सीटों के साथ राष्ट्रीय जनता दल बिहार की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके नेता लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय की लड़ाई के सबसे बड़े योद्धा और हिंदुत्व विरोधी राजनीति के प्रतीक हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 39 पर जीत दर्ज की थी। लेकिन नीतीश कुमार के महागठबंधन में रहते हुए यह संभव नहीं था।



# अंडर 19 विश्व कप सुपर सिक्स में आज न्यूजीलैंड से होगा भारतीय टीम का मुकाबला

**ब्लोमफोंटेन (एजेंसी)।** भारतीय अंडर टीम मंगलवार को यहां अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनो ही मैच जीते हैं जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारतीय टीम बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ ही सुपर सिक्स में पहुंची है। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर अपने तीनों मैच जीते हैं जिसके कारण भी भारतीय टीम यहां के हालातों को जानती है जिसका लाभ उसे कीवी टीम के खिलाफ मुकाबले में मिलेगा। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसके लिए एकदम से हालात के अनुरूप ढलना आसान नहीं होगा। की टीम ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रही है पर उसके बल्लेबाज अब तक इस टूर्नामेंट में सहज नहीं दिखे और संघर्ष करते रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करने में भी उसे आसानी से जीत नहीं मिली। इसके अलावा पाकिस्तान के खिलाफ उसे 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उसे अगर जीत दर्ज करनी है तो बड़ा लक्ष्य भारतीय टीम को देना होगा।

पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम को कुछ संघर्ष करना पड़ा पर बचे हुए दोनों मैचों में भारत ने अच्छी जीत हासिल की। भारत के लिए सकारात्मक बात ये रही है कि एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने भी लगातार अच्छी पारियां खेली हैं। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक लगाकर सबसे अधिक रन बनाने वालों में तीसरे नंबर पर हैं।




वहीं बल्लेबाज आदर्श सिंह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और ऐसे में अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास भी शतक के बाद बढ़ा है। भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने भी अब अच्छी बल्लेबाज की है और वह इस सिलसिले को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं गेंदबाजी में बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी और स्पिनर सौम्य पांडे ने भी अब प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले दो मैचों में नमन ने चार जबकि सौम्य ने आठ विकेट लिए हैं।

### टीम

**भारत** = उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**न्यूजीलैंड** = आस्कर जैकसन (कप्तान), मेसन क्लार्क, सैम क्लोड, जैक कमिंग, रहमान हिकमत, टॉम जोंस, जेम्स नेलसन, स्नेहित रेड्डी, मैट रोव, एवाल्ड श्रूडर, लाचलान स्टैकपोल, ओलिवर तेवतिया, एलेक्स थॉम्पसन, रियान सोरगास, ल्यूक वाटसन।

## जड़ेजा और राहुल दूसरे टेस्ट से बाहर, सरफराज, सौरभ और सुंदर शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल को चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम मे शामिल नहीं किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में युवा सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापटनम में खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने कहा कि जडेजा और राहुल को दूसरे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं दी है। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जबकि राहुल ने भी दर्द की शिकायत की थी। इसी कारण इस दोनों खिलाड़ियों की जगह युवाओं को अवसर दिया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की प्रगति पर नजर रख रही है।

बीसीसीआई ने साथ ही कहा, पुरुष चयन समिति ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को भारत की टीम में शामिल किया है। वहीं सारांश जैन को एक फरवरी से अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम मल्टी-डे गेम के लिए भारत ए टीम में वाशिंगटन सुंदर की जगह पर शामिल किया गया है।



### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), अवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

## हार का कारण बताना मुश्किल पर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विफलता निराशाजनक : रोहित

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ यहां पहले ही टेस्ट में मिली हार के सही कारण को बताना मुश्किल है। रोहित ने कहा कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की निराशा और जुनून की कमी टीम में देखी गयी जो निराशाजनक बात है। उन्होंने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की असफलता पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनमें जुझारूपन और जज्बे की कमी थी। इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम को 231 रन का लक्ष्य मिला जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 202 रन ही बना पायी। भारतीय टीम को मिली ये हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि पहली पारी में उसे 190 रन की बड़ी बढ़त मिली थी। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह बताना कठिन है कि गलती कहां हुई। 190 रन की बढ़त से हमने दबाव बनाया था पर विरोधी टीम के ओली पोप ने 196 रन बनाकर हालात बदल दिये। उसने शानदार बल्लेबाजी की जो शायद किसी मेहमान टीम के खिलाड़ी की भारतीय हालात में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी में से एक थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा कि 230 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है पर ऐसा नहीं हुआ। हमें लगा कि हमने सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की पर ये मानना होगा कि ओली ने बहुत अच्छा खेला। रोहित ने कहा, 'एक या दो चीजों को देखना कठिन है। हम लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके। 20 से 30 रन से कुछ भी संभव है। हमारे निचले क्रम ने अच्छा संघर्ष दिखाया और शीर्ष क्रम को दिखाया कि कैसे अच्छी बल्लेबाजी की जाने चाहिये।

# शुभमन की जगह खतरे में पड़ी, सरफराज और रजत दे रहे टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में टीम में उनकी जगह खतरे में नजर आ रही है। पिछले कुछ समय में उनका औसत गिरकर औसत 13.20 पर पहुंच गया है। शुभमन के इस प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए उन्हें टीम में बनाये रखना बेहद कठिन हो गया है। हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड ने जिस प्रकार वापसी करते हुए जीत दर्ज की है। उसके बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट को बड़ा फैसला लेना ही होगा। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने साफ कहा कि शुभमन गिल को कोच राहुल द्रविड़ के साथ नेट्स पर समय बिताना चाहिए।



भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेलना है। हैदराबाद टेस्ट में 28 रन की हार के बाद भारतीय टीम पर वापसी का दबाव रहेगा। हैदराबाद टेस्ट में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा, तो ज्यादातर का औसत जबकि दो खिलाड़ी पूरी तरह विफल रहे। पहली पारी में 23 रन बनाने वाले शुभमन दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाये जबकि मोहम्मद सिराज मैच में एक भी विकेट नहीं ले सके। भारतीय टीम जब विशाखापत्तनम टेस्ट मैच में उतरेगी तो उसे इन दो खिलाड़ियों को शामिल किये जाने पर दोबारा विचार करना होगा।

शुभमन टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट में ही फिट बैठता है। ऐसे में टीम से बाहर करने से उनका आत्मविश्वास कम हो सकता है। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की कप्तान-कोच की जोड़ी का यही मानना रहा है। पहले अंतिम ग्यारह में बार-बार बदलाव देखने को मिलते थे. जबकि रोहित-द्रविड़ खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर देते हैं हालांकि इससे कई बार दूसरे खिलाड़ियों के मौके छिन जाते हैं। हाल में सरफराज खान ने भी घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं और वह भी टीम में जगह के लिए लगातार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसके अलावा रजत पाटीदार ने जनवरी में ही इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो शतक लगाए हैं. उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 151 रन की पारी खेली तो पारी करते हुए 111 रन बनाये। यानी उन्होंने नई गेंद का सामना करते हुए ये शतक लगाए हैं। ऐसे में वह भी टीम में जगह के दावेदार हैं।

## कुंबले बोले पुजारा को नहीं मिले शुभमन जितने अवसर

हैदराबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने कहा है कि खराब प्रदर्शन के बाद भी युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को काफी अवसर मिले हैं जबकि अनुभवी बल्लेबाज को इस प्रकार की सुरक्षा नहीं मिली थी। शुभमन इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में विफल रहे थे। वह पिछली 11 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगा पाये। इसके बाद भी कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने उनपर भरोसा कायम रखा है। कुंबले ने कहा, 'शुभमन को जो सुरक्षा मिली हुई है वह पुजारा को भी नहीं मिली थी जबकि पुजारा ने 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बार बार पुजारा की बात करता हूं क्योंकि वह कुछ समय पहले तक तीसरे नंबर पर उतरते थे। पुजारा ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेला और उसके बाद से ही शुभमन तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं। पुजारा ने जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेला था जिसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। इस महीने की शुरूआत में उन्होंने रणजी मैच में नाबाद 243 रन बनाए, इसके बाद भी उन्हें वापसी का अवसर नहीं मिला। वहीं कुंबले ने कहा कि शुभमन को बेहतर बल्लेबाजी के लिए अपनी मानसिकता पर काम करना होगा और तकनीक को भी ठीक करना होगा। उन्होंने कहा, 'अगर आप भारत में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं तो तकनीक पर काम करना होगा। उसके पास हुनर है और वह युवा है, सीख रहा है लेकिन उसे दूसरे टेस्ट में अच्छा खेलना होगा वरना उस पर मानसिक दबाव आ जाएगा।



## इंग्लैंड ने दिखाया कि वह एक शीर्ष टीम है : हुसैन

हैदराबाद । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय टीम के खिलाफ पहले ही मैच में जीत के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की है। हुसैन ने कहा कि कप्तान बेन स्टोक्स की टीम ने दिखाया है कि वह एक शीर्ष टीम है जिससे किसी को उलझने और कम समझने की गलती नहीं करनी चाहिये। पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए भारत को 28 रन से हराया जबकि पहली पारी में भारतीय टीम को 190 रनों की बढ़त मिली हुई थी। इस पूर्व कप्तान के अनुसार उपकप्तान ओली पोप के 196 रनों से मैच में उनकी टीम हावी हो गयी। इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य मिला था पर भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में केवल 202 रन पर ही बना पायी। इस जीत से इंग्लैंड की टीम को सीरीज में बढ़त भी मिल गई है, जिससे भी उसका हौंसला बढ़ा है। इससे ये भी साबित हुआ है कि मेहमान टीम की बैजबॉल (आक्रामक) रणनीति भी भारतीय हालातों में काम कर गयी। हुसैन ने कहा, कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में टीम का सफर रोमांचक रहा है। इससे पता चलता है कि उनमें काफी आत्मविश्वास है। जिस तरह से वे खेल रहे हैं। उसमें उन्हें बहुत विश्वास है और वे चीजों को अपने तरीके से करते हैं। वे बाहरी बातों को लेकर चिंता नहीं करते हैं। मुझे इस टीम में जो बात पसंद है, वह है, उसका जुनून। यदि आप उन पर संदेह करते हैं तो वे और खतरनाक होकर सामने आते हैं। मुझे लगता है कि यह एक अच्छी बात है क्योंकि यदि आप लगातार बाहरी बातों को सुन रहे हैं, तो आप अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं जबकि कोच और कप्तान जानते हैं कि वे क्या चाहते हैं। वे उस पर कायम रहेंगे और टीम का समर्थन करते रहेंगे।



# इंग्लैंड से हार के बाद भारत को लगा एक और झटका, डब्लयूटीसी अंक तालिका में बांग्लादेश से नीचे खिसका

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की नई रैंकिंग में झटका लगा है और टीम अंक तालिका में बांग्लादेश से नीचे खिसक गया है। पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में इंग्लैंड से करारी हार के बाद भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है। भारत को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा है।

शुरुआती टेस्ट मैच में जब भारत और इंग्लैंड के बीच भिड़ंत हुई तो एक रोमांचक लड़ाई के लिए मंच तैयार हो गया था। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शुरुआती दिनों में दबदबा बनाए रखा, लेकिन ओली पोप के लचीलेपन ने खेल का रुख पलट दिया। उनकी 196 रनों की शानदार पारी ने गति बदल दी जिससे भारत को 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला।




रोमांचक फाइनल में भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को नए टॉम हार्टले की स्पिन क्षमता का सामना करना पड़ा। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लेकर एक जाल बुना। अथक प्रयासों के बावजूद भारत 28 रन से चूक गया जिससे इंग्लैंड को एक यादगार जीत मिल गई।

अभी भारत इस हार से उभरा भी नहीं गया था कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की रैंकिंग के आने के बाद भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया। निराशा स्पष्ट है, विशेषकर मौजूदा टूर्नामेंट में उनके मिश्रित प्रदर्शन को देखते हुए। दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम चैंपियनशिप में अहम मोड़ पर है। अब ध्यान विजाग में होने वाले आगामी टेस्ट मैच पर है, जहां घरेलू टीम के लिए वापसी का संकेत है। नंबर 3 स्थान पर अपने संघर्षों के लिए सुर्खियों में रहने वाले शुबमन गिल पर उम्मीदों का भार है। उस भूमिका में बिना अर्धशतक के पांच टेस्ट खेलने के बाद गिल को अपनी क्षमता साबित करने और भारत के पुनरुत्थान में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ रहा है।

## विदित गुजराती ने रचा इतिहास, बनें भारत के नंबर 1 शतरंज प्लेयर



मुम्बई । 29 वर्षीय शतरंज मास्टर विदित गुजराती ने इतिहास रच दिया है। इस मामले में उन्होंने दिग्गज विश्वनाथ आनंद को पीछे छोड़ा है। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से चिह्नित हुआ। 2751.5 की लाइट रेटिंग के साथ, गुजराती अब दुनिया में 10वें स्थान पर है। गुजराती ने नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को मात दिया। उनकी ये उपलब्धि प्रगनानंद के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर भारत का नया नंबर 1 बनने के कुछ ही दिनों बाद आई है। लेकिन प्रज्ञानानंद निचले क्रम में चले गए और अब तीसरे स्थान पर हैं। टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में गुजराती की सफलता ने न केवल उन्हें भारत में टॉप स्थान पर पहुंचाया, बल्कि उन्हें वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में भी जगह दिलाई। ये किसी भी शतरंज खिलाड़ी के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, और ये भविष्य में विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती देने की गुजराती क्षमता का प्रतीक है। अपनी प्रतिभा, समर्पण और हालिया उपलब्धियों के साथ, विदित गुजराती निस्संदेह शतरंज की दुनिया में देखने लायक खिलाड़ी हैं। उनका भारत में नंबर 1 स्थान पर पहुंचना और शीर्ष 10 विश्व रैंकिंग में प्रवेश करना उनकी यात्रा की शुरुआत है। दुनिया भर के शतरंज प्रेमी ये देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार करते हैं कि आने वाले वर्षों में वह क्या उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हैं।

## भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने अमेरिका में इंटरकांन्टिनेंटल खिताब जीता



मुम्बई । भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए)' का 'इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट' खिताब जीता। अपने पेशेवर करियर में अब तक अपराजित रहने वाले 30 साल के जांगड़ा ओलंपिक के पूर्व रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। उन्हें अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़ कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा। उन्होंने यहां जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, '' यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें मेरे कोच, परिवार, प्रशंसक और मेरे साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। मैं यह खिताब अपने देश को समर्पित करता हूं। मैं देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करूंगा।'' जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले जांगड़ा ने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। जांगड़ा ने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। फ्लोरिडा स्थित 'नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए)' पेशेवर मुकाबलों के लिए मान्यता प्राप्त संस्था है।

## डेविस कप : पाक पहुंची भारतीय टीम लिए 'राष्ट्र प्रमुख' जैसी सुरक्षा, इस्लामाबाद में लगे 10,000 कैमरे

इस्लामाबाद : डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गयी भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफअंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है। पीटीएफके महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है, इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। मैं इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक के रूप में, यात्रा के दौरान उनके साथ हूं।' भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के दो अधिकारी हैं। रहमान ने कहा, 'यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहती हैं। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करती हैं, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी।'

# डीन एल्गर ने विराट कोहली पर लगाया गंभीर आरोप, कहा- कोहली ने मुझ पर थूका...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपने एग्रेशन के लिए जाने जाते भारतीय क्रिकेट टीम के सितारा बल्लेबाज विराट कोहली पर एक बड़ा आरोप लगा है। अक्सर मैदान पर अपने उत्साह से सबको रोमांचित करने वाले कोहली से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान नाराज नजर आ रहे हैं। पूर्व अफ्रीकी कप्तान ने दावा किया है कि मोहाली के मैदान पर टेस्ट मैच के दौरान विराट ने उनपर थूका था।

डीन एल्गर ने साल 2015 का किस्सा सुनाया है जब प्रोटियाज टीम भारत दौरे पर थी। इस दौरान मोहली में पहला टेस्ट मुकाबला खेला गया था। एल्गर ने याद करते हुए कहा कि उस दिन उस सतह पर खेलना मजाक की तरह था। जब मैं बल्लेबाजी करने आया तो मैं वास्तव में अश्विन और रवींद्र जड़ेजा और कोहली के खिलाफ अपनी पकड़ बनाए हुए था।

यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली को इस शब्द का मतलब पता था, एल्गर ने जवाब दिया- हां, उन्होंने ऐसा किया क्योंकि डिविलियर्स आरसीबी में उनके साथी थे, इसलिए वह स्थिति को भांप गए थे। मैंने कहा कि अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं इस मैदान पर... , मैं तुम्हें बिल्कुल मार गिराऊंगा। वैसे भी, हम भारत में हैं इसलिए तुम्हें थोड़ा सतर्क रहना होगा।

हालांकि एल्गर ने इस दौरान यह भी स्वीकार कर लिया कि कोहली ने बाद में 2017-18 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान माफी मांग ली थी।

एल्गर ने कहा कि 2-3 साल बाद कोहली मेरे पास आए। उन्होंने मुझसे कहा कि सुनो क्या हम सीरीज के बाद बैठ सकते हैं, ड्रिंक ले सकते हैं? मैं अपने कृत्य के लिए माफी मांगना चाहता हूं। हमने उस दिन सुबह 3 बजे तक शराब पी थी।

इस घटना के बाद दोनों के रिश्ते मजबूत हो गए। इस महीने की शुरुआत में केपटाउन के न्यूलैंड्स में भारत के खिलाफ एल्गर ने अंतिम टेस्ट खेला। इस दौरान विराट कोहली वह पहले शख्स थे जोकि एल्गर को बधाई देने के लिए पहुंचे। एल्गर ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा के चोटिल हो जाने के कारण कप्तानी की थी। सीरीज का दूसरा टेस्ट भारत ने जीतकर सीरीज बराबर की थी।



# डार्क लिप्स की देखभाल ऐसे करें

होंठों की त्वचा पतली और नाज़ुक होती है। इसमें ऑयल ग्लैंड्स नहीं होते। यही कारण है कि होंठ ड्राई हो जाते हैं और आसानी से फटने लगते हैं। खासकर ठंड के मौसम में। ऐसे में होंठ काले और बेजान नजर आने लगते हैं। कभी-कभी, ऊपरी होंठ निचले होंठ की तुलना में अधिक डार्क हो जाता है। ऐसे में ऊपरी और निचला होंठ एक जैसा नहीं दिखता। ऐसे में कई बार लिपस्टिक लगाना मुश्किल हो जाता है।



## होंठों का कालापन दूर करने के घरेलू उपाय

- ग्लॉसी लिपस्टिक और लिप बाम का इस्तेमाल करें। क्लींजिंग क्रीम या जेल से लिपस्टिक हटाएं। रात में बादाम का तेल या बादाम की मलाई लगाएं और छोड़ दें।
- काले होंठों के लिए, स्क्रब का उपयोग करने से मदद मिल सकती है। जैतून के तेल और नींबू के रस की कुछ बूंदों में चीनी मिलाएं। इस मिश्रण को त्वचा पर हल्के हाथों से मलें और धो लें। चेहरा धोने के बाद, डेड स्किन को हटाने के लिए होंठों को एक मुलायम तौलिये से धीरे से रगड़ें। फिर दूध की मलाई रोजाना लगाएं और एक घंटे के लिए छोड़ दें। दूध की मलाई में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं।
- लिपस्टिक को हर रात एलोवेरा और नींबू युक्त क्लींजिंग जेल से हटा दें। साबुन के इस्तेमाल से बेहतर होगा।
- क्लींजिंग जेल मेकअप हटाने में मदद करता है। एलोवेरा त्वचा को पोषण देने और उसे मुलायम और चिकना रखने में भी मदद करता है। रात को क्लींजिंग करने के बाद होठों पर बादाम की मलाई या बादाम का तेल लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें। इसे रोजाना इस्तेमाल किया जाए तो यह काले होंठों पर त्वचा के रंग को हल्का करने में भी मदद करता है।
- अगर होंठ काले हैं, तो दूध की मलाई रोजाना लगाने से रंग हल्का करने में मदद मिलती है। होंठों पर त्वचा को पोषण देने के लिए आर्गन ऑयल, नारियल तेल या जोजोबा ऑयल जैसे तेल भी लगाए जा सकते हैं। इनमें से कुछ विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो होंठों की नाजुक त्वचा को फायदा पहुंचाते हैं।
- मेकअप की चीजों की शेल्फ लाइफ भी होती है। पुरानी हो चुकी लिपस्टिक को न तो रखना चाहिए और न ही इस्तेमाल करना चाहिए। यदि आपको कभी भी लगता है कि लिपस्टिक बहुत चिकना हो गई है, या उसमें से बदबू आ रही है, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि तेल अलग हो गए हैं। उनका उपयोग बंद करना सबसे अच्छा है।
- आप सनस्क्रीन युक्त लिप बाम भी लगा सकते हैं या होठों पर सनस्क्रीन लोशन की कुछ बूंदें लगा सकते हैं। कुछ मिनट तक रुकें और होंठों पर पाउडर या फाउंडेशन लगाएं और फिर लिपस्टिक लगाएं। यह धूप से सुरक्षा प्रदान करने और काले होंठों को रोकने में मदद करेगा। अंत में, लेकिन कम से कम, हर्बल लिपस्टिक और लिप ग्लॉस की तलाश करें।

# के एल राहुल की दुल्हन बनीं अथिया, लहंगे में दिलकश अंदाज

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल शादी के बंधन में बंध गईं। शादी की सभी रस्में मुंबई के एक फॉर्म हाउस में संपन्न हुईं। परिवार और करीबी दोस्तों के मौजूदगी में यह कपल शादी के बंधन में बंधे। सोशल मीडिया पर लगातार इस वेडिंग की अपडेट सामने आए हैं।

भले ही अथिया की फिल्में फिल्म जगत में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाईं, पर स्टाइल के मामले में वो किसी से पीछे नहीं हैं। आज अथिया का ब्राइडल लुक देखने के लिए हर कोई बेकरार है। खबरों की मानें तो अपनी शादी में अथिया ने सब्यासाची का लहंगा पहना। अथिया हमेशा एथनिक लुक में काफी शानदार दिखी हैं। कई बार उन्होंने ब्राइडल लुक भी कैरी किया है, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही हैं। आइए आपको भी अथिया शेट्टी के लहंगा लुक दिखाते हैं।

## रेड लहंगे में लगीं गजब

कुछ समय पहले अथिया ने सुर्ख लाल लहंगे में अपनी कुछ फोटोज शेयर की थी। इस लुक में अथिया काफी खूबसूरत लग रही थीं। ज्वैलरी में अथिया ने गले में एक नेकलेस पहना हुआ है।





## ऑल व्हाइट लहंगे में अथिया

ऑल व्हाइट लहंगे में अथिया ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया था। इसके साथ उन्होंने हरे रंग की ज्वैलरी कैरी की थी।

स्काई ब्लू लहंगे में लगीं गजब

अथिया ने काफी अलग तरह से इस लहंगे के दुपट्टे को कैरी किया था । आप भी इस तरीके का लहंगा किसी शादी में कैरी कर सकती हैं।

## हैवी ब्लाउज के साथ लहंगा

अथिया के इस लुक की फोटो सभी को काफी पसंद आई थी। इस पर हैवी सा मांग टीका भी गजब लग रहा था।

# एथनिक वियर में बिखेरें जलवा

शादियों का सीजन चल रहा है, ऐसे में हर कोई सबसे अलग और खूबसूरत दिखना चाहता है। खासकर की लड़कियां शादी के सीजन की तैयारी काफी दिनों पहले से ही शुरू कर देती हैं। शादी में सबसे बड़ा काम होता है आउटफिट डिसाइड करके उसको खरीदना। वैसे तो ज्यादातर लड़कियां शादी में साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। पर, बड़ी समस्या ये होती है कि किस तरह की साड़ी पहनी जाए जो कि स्टाइलिश भी हो और ट्रेंडिंग भी क्योंकि आज-कल साड़ी कैरी करने के भी कई तरीके होते हैं।

अगर आप भी इस परेशानी से जूझ रही हैं, तो आपकी चिंता का समाधान हमारे पास हैं। दरअसल, आज हम आपको एक्ट्रेस नोरा फतेही के कुछ ऐसे साड़ी लुक्स के बारे में बताएंगे जिसे आप कैरी करके ना सिर्फ हॉट दिखेंगी बल्कि लोग आप पर से नजरें भी नहीं हटा पाएंगे। इन लुक्स में नोरा बला की खूबसूरत लग रही हैं।

## पिंक साड़ी है बेस्ट ऑप्शन

अगर आप अपनी खास दोस्त की शादी में जलवा बिखेरना चाहती हैं तो पिंक रंग की शिमर साड़ी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। आजकल शिमर और सीक्वेन साड़ी काफी फैशन में हैं।

## ऑफ व्हाइट साड़ी

ऑफ व्हाइट साड़ी शादी के लिए एक बेहतर ऑप्शन है। इस साड़ी में नोरा फतेही गजब ढ़ा रहीं हैं। इसके साथ आपको मेकअप थोड़ा डार्क करना पड़ेगा।

## हैवी ब्लाउज के साथ पिंक साड़ी





अगर आप हैवी ब्लाउज के साथ पिंक रंग की हल्की साड़ी पहनती हैं, तो इसमें आप बेहद खूबसूरत दिखेंगी। इसको पहनते समय अपने मेकअप में भी पिंक टच दें।

## गोल्डन और व्हाइट साड़ी

खुले वेवी बालों के साथ इस साड़ी का लुक काफी रॉयल लग रहा है। इसको कैरी करते समय बस कानों में हैवी ज्वैलरी पहनें।

## प्योर शिमरी साड़ी

पूरी तरह से शिमरी साड़ी शादी के फंक्शन में काफी अच्छी लगेगी। इसे साथ आप एक क्लच कैरी कर सकती हैं।

# बसंत पंचमी के दिन स्टाइलिश बनें ऐसे

इस बार बसंत पंचमी का त्योहार 26 जनवरी के दिन है। जिसके चलते लोगों ने अपने घर में मां सरस्वती की पूजा की तैयारी शुरू कर दी है। मां सरस्वती विद्या की देवी होती हैं। इसी के चलते भारत के लगभग हर स्कूल, घर और दफ्तर में मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस बार बसंत पंचमी का त्योहार गुरुवार को है। इस दिन पीला पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में अगर आप भी कहीं मां सरस्वती की पूजा में जा रही हैं, तो ट्रेंडी तरह से तैयार होकर भी जा सकती हैं।

## कैरी करें येलो कुर्ता पलाजो

अगर आपके ऑफिस में मां सरस्वती की पूजा है तो आप कटरीना की ही तरह का लॉन्ग कुर्ता विद पलाजो चुन सकती हैं। नेक पर हल्के वर्क वाला इस तरह का कुर्ता खूबसूरत तो लगेगा ही साथ ही ऑफिस के हिसाब से सोबर भी। इसके साथ पहनने वाली फुटवियर पर थोड़ा ध्यान दें।

## ट्राई करें जमसूट

जमसूट आपको ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा। इसके साथ ज्यादा ज्वैलरी कैरी ना करें। बस एक कड़ा ही इसका



लुक कंप्लीट करने के लिए काफी है।

## कैरी करें ट्राउजर विद टॉप

ये एक ऐसा आउटफिट है जो बेहद कंफर्टेबल और क्लासी होगा। इसे पहन कर आप कहीं भी जा सकती है।

## पहनें ड्रेप स्कर्ट

अगर आप क्लासी लगना चाहती हैं तो ये ड्रेस आपके लिए बेस्ट है। इस तरह की ड्रेस आप ना सिर्फ बसंत पंचमी को पहन सकती हैं बल्कि इसे शादी में कैरी कर सकती हैं।

# आई मेकअप करते समय रखें इन बातों का ध्यान

कई बार ऐसा देखा जाता है कि आई मेकअप करते समय लड़कियों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। ऐसे में उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अगर आप भी इसी तरह की परेशानी का सामना करती हैं, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, आंखों का मेकअप करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर इन सावधानियों पर ध्यान ना दिया जाए तो आपकी आंखों में इंफेक्शन की समस्या तक हो सकती है।

## मेकअप करते समय रखें हाईजीन का ध्यान

आई मेकअप करते समय सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट को आप साफ रखेंगे तो आपकी आंखें इंफेक्शन से बच सकती हैं।

## हमेशा खरीदें हाइपो-एलर्जेनिक प्रोडक्ट

मेकअप प्रोडक्ट खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि वो हाइपो-एलर्जेनिक हो। इससे आंखों में एलर्जी होने की संभावना खत्म हो जाती है।



## मेकअप ब्रश का रखें खास ध्यान

मेकअप करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्रश या स्पंज साफ-सुथरा रहे। गंदे ब्रश की वजह से चेहरे और आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। अगर इससे बचना है तो ब्रश का हमेशा साफ रखना चाहिए।

## लोअर लैश को हमेशा बचाएं

अक्सर लोगों की लोअर लैश काफी सेंसिटिव होती है। ऐसे में मेकअप करते टाइम उसका ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। इस पर कम से कम मेकअप लगाने की कोशिश करें।

## सोने से पहले रिमूव करें मेकअप

सोने से पहले मेकअप को अच्छे से रिमूव करना काफी जरूरी होता है। अगर आप मेकअप किए हुए ही रात को सो जाते हैं तो इससे आंखों की रोशनी पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

# चेहरे पर सिर्फ तेल लगाना काफी नहीं

**स्किन के लिए नीम का तेल एक बहुत गुणकारी है, लेकिन इसे सीधे त्वचा पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे तिल या बादाम के तेल के साथ स्किन पर लगाने से मुंहासे, फोड़े-फुंसियां, फंगल इंफेक्शन में आराम मिलता है। ऑयली स्किन के लिए नीम का तेल विशेष तौर पर लाभकारी है।**

फेस ऑयल लगातार ड्राई और डल स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाए रखा जा सकता है। फेस ऑयल लगाने के बाद स्किन सॉफ्ट और शाइनी दिखती है। उदाहरण के लिए, ऑलिव ऑयल और कोकोनट ऑयल स्किन की नमी बनाए रखते हैं और उसे मॉइस्चराइज करते हैं। फेस ऑयल्स के हीलिंग गुण कई स्किन प्रॉब्लम्स से बचाते हैं और चेहरे की खूबसूरती बढ़ाते हैं।



## कौन सा फेस ऑयल है सही?

आमतौर पर जोजोबा या आर्गन ऑयल को फेस ऑयल के रूप में अधिक महत्व दिया जा रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तिल या जैतून का तेल कम प्रभावी है। कई बार ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि किस तेल के साथ कौन सा तेल मिलाया जा रहा है। यानी तेलों के सही मिश्रण से उसका प्रभाव बढ़ जाता है।

ऑयली स्किन के लिए तुलसी के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है और मुंहासों से भी राहत देता है। तुलसी का तेल स्किन का पोषण कर उसे चमकदार बनाता है। स्किन की हेल्थ और चमक बढ़ाने के लिए ऑयली स्किन के साथ ही ड्राई और नॉर्मल स्किन के लिए भी तुलसी के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

स्किन के लिए नीम का तेल एक बहुत गुणकारी है, लेकिन इसे सीधे त्वचा पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे तिल या बादाम के तेल के साथ स्किन पर लगाने से मुंहासे, फोड़े-फुंसियां, फंगल इंफेक्शन में आराम मिलता है। ऑयली स्किन के लिए नीम का तेल विशेष तौर पर लाभकारी है।

आयुर्वेदिक फेस ऑयल्स में त्वचा के लिए कुमकुमादि तैलम बहुत फायदेमंद है। इसमें लगभग 24 हर्बल अर्क होते हैं। तेल के अवयवों में केसर, चंदन, मंजिष्ठा, खस, दारुहल्दी, बरगद के पेड़ की पत्तियां और कई अन्य कीमती अर्क हैं। तिल का तेल इसका बेस ऑयल है।

कुमकुमादि तेल सभी प्रकार की त्वचा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे रात में इस्तेमाल किया जाना ज्यादा फायदेमंद है। कुमकुमादि तेल ओपन पोर्स को साफ करता है और डेड स्किन को हटाता है।

## सावधानियां

अपने स्किन टाइप के अनुसार सही तेल का चुनाव करें, क्योंकि सही तेल के प्रयोग से ही स्किन को उनका फायदा मिलता है।

कोई भी फेस ऑयल इस्तेमाल करने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन जरूर करें।

फेस ऑयल लगाने के तुरंत बाद धूप के संपर्क में न जाएं।



## पिता के नाम के बगैर जैमी को मिला था इंडस्ट्री में काम

बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार जॉनी लीवर ने अपनी कॉमेडी से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। वहीं, अब उनकी बेटी जैमी लीवर तेलुगु फिल्म से अभिनय करियर में कदम रखने जा रही हैं। जैमी लीवर भी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने साझा किया है कि जब उन्होंने कॉमेडी में अपनी यात्रा शुरू की, तो उनके पिता जॉनी लीवर ने उन्हें बॉलीवुड में एक सफल कॉमेडियन बनने के लिए कोई रास्ता नहीं दिखाया। हाल ही में, एक इंटरव्यू में जैमी ने याद किया कि उन्हें पहला ब्रेक सोनी टीवी के कॉमेडी सर्कस से मिला था, जहां उन्हें उनके स्टेज नाम का इस्तेमाल करके काम पर रखा गया था और निर्माताओं को इस बात का अंदाजा नहीं था कि वे जॉनी लीवर की बेटी को काम पर रख रहे हैं। जैमी ने कहा, पिताजी नहीं चाहते थे कि मैं उस पर शो पर काम करूं। उनका कहना था कि मुझे नहीं पता कि यह कैसा होगा और तुम कैसे काम करोगी। जैमी ने शो में काम करने के अपने अनुभव का खुलासा किया और बताया, मैं कलाकारों और क्रू मीट में सुदेश, कृष्णा और भारती से मिली। उन्होंने मेरी रैगिंग शुरू कर दी। उन्होंने मुझसे पूछा तुम्हारे पिता क्या करते हैं?। मैंने उन्हें अपने पिता का नाम बताया, तो सुदेश जी ने कहा अरे बेटा, तुम हमारी बेटी की तरह हो।उस वक्त मुझे ऐसा लगा जैसे मैं अब इस परिवार का हिस्सा बन गई हीं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम सबकी देखभाल करें। बता दें कि जैमी कॉमेडी में अपने पिता को भी मात देती हैं। अक्सर उनके कॉमेडी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अब अभिनेत्री तेलुगु फिल्मों से साउथ पट्टी में भी अपनी अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## डॉन 3 में विलेन का किरदार निभाने पर इमरान ने तोड़ी चुप्पी!

इमरान हाशमी किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। इमरान हाशमी को हाल में मुंबई में स्पॉट किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पैपराजी ने अभिनेता को डॉन 3 विलेन कहकर बुलाया। अभिनेता इस पर बिना कुछ बोले अंगूठा दिखते नजर आए, जिससे फैंस कयास लगा रहे हैं कि वे विलेन के किरदार में नजर आएंगे। बीते दिनों से इमरान हाशमी के फिल्म डॉन 3 में विलेन का किरदार निभाने की अफवाहें सामने आ रही हैं। अभिनेता या फिल्म के निर्माताओं ने इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।





## अब कन्नड़ इंडस्ट्री में अभिनय का दम दिखाएंगी नोरा फतेही, इन दो फिल्मों में आएंगी नजर

**बॉलीवुड में अपने डांस के दम पर मुकाम हासिल करने वाली नोरा अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा ने अपने डांस नंबर के दम पर कई फिल्मों को हिट कराया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म का नाम केडी - द डेविल होगा।**

अभिनेत्री नोरा फतेही बॉलीवुड में अपने डांस मूव्स और कातिल अदाओं के लिए मशहूर हैं। नोरा के लिए नया साल कई सारी खुशियां लेकर आया है। बॉलीवुड और तेलुगु फिल्म करने के बाद अब अभिनेत्री ने पहली कन्नड़ फिल्म साइन की है। केवीएन प्रोडक्शन ने अपने आगामी दो महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स के लिए नोरा को साइन किया है। नोरा पहली बार किसी कन्नड़ फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने मीडिया से खुलकर इस विषय में बातें कीं।

### संजय दत्त के साथ थिरकती आएंगी नजर

बॉलीवुड में अपने डांस के दम पर मुकाम हासिल करने वाली नोरा अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा ने अपने डांस नंबर के दम पर कई फिल्मों को हिट कराया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म का नाम केडी – द डेविल होगा। इस फिल्म में नोरा के साथ बॉलीवुड के दिग्गज स्टार संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं। इतना ही नहीं फिल्म में संजय नोरा के साथ डांस करते हुए दिखाई देंगे। संजय दत्त के अलावा, शिल्पा शेट्टी और विजय सेतुपति भी नोरा फतेही की इस कन्नड़ फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं।


### नोरा की मेहनत पर है भरोसा

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक प्रेम नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म केडी – द डेविल का निर्देशन करने वाले हैं। प्रेम ने भी मीडिया से बातें करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे नोरा की मेहनत और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। वे जो भी काम करती हैं, पूरी शिद्दत से करती हैं। मुझे यकीन है कि इस फिल्म में भी नोरा का वही अंदाज देखने को मिलेगा। उनकी वजह से ये फिल्म सुपर हिट होगी।

### नोरा हैं उत्साहित

नोरा फतेही एक साथ दो बड़ी कन्नड़ फिल्में साइन करके काफी खुश हैं। केवीएन प्रोडक्शन हाउस की इन दो फिल्मों के जरिए नोरा कन्नड़ इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। नोरा ने मीडिया से बातें करते हुए कहा, मैं बता नहीं सकती हूं कि मैं कितनी खुश हूं। मैं पहली बार एक नहीं दो-दो कन्नड़ फिल्में कर रही हूं। इन फिल्मों की बदलौत मुझे कर्नाटक की परंपरा और कन्नड़ फिल्मों के दर्शकों से जुड़ने का मौका मिलेगा। मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित महसूस कर रही हूं। नोरा के अलावा केवीएन प्रोडक्शन टीम के हेड मोहन सुप्रीत भी मीडिया से बात करते हुए बोले, हम सभी लोग काफी उत्साहित हैं। नोरा में एक अलग किस्म की ऊर्जा है जो उन्हें बाकियों से अलग करती है। मुझे यकीन है उनके होने से ये फिल्म काफी अलग और सुंदर बनेगी।

## शायद मैं उतनी लोकप्रिय नहीं...



छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक पर खुद को साबित कर चुकीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर कई बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं। इतना ही नही मृणाल सीता रामम, हाय नन्ना और कई अन्य साउथ फिल्मों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री अपने हालिया इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। अभिनेत्री से हाल ही में अधिक हिंदी रोमांटिक फिल्में न करने के बारे में पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि वह फिल्म निर्माताओं के सामने खुद को साबित करके थक गई हैं।
अभिनेत्री के चौंकाने वाले खुलासों ने उन्हें हेडलाइंस का हिस्सा बना दिया है। हालिया इंटरव्यू में जब मृणाल ठाकुर से पूछा गया कि क्या वह हिंदी रोमांटिक फिल्मों में काम करेंगी, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता, मैं अभी तक इतनी लोकप्रिय नहीं हूं कि मुझे कोई लव स्टोरी मिल सके। क्या मैं गलत हूं? एक लव स्टोरी पाने के लिए मुझे लोकप्रिय होना होगा, नहीं? मुझे बहुत सारी फिल्में ऑफर हो रही हैं, लेकिन रोमांटिक फिल्में बिल्कुल नहीं। मृणाल ठाकुर ने आगे जोड़ा, मैं इसे करना पसंद करूंगी। मुझे नहीं पता यार, मैं अब फिल्म निर्माताओं को साबित करके थक गई हूं। मैं बस यही चाहती हूं कि यह व्यवस्थित रूप से हो, मैंने उनसे पूछना छोड़ दिया है। अब, एक रेडिट यूजर ने इंटरव्यू से उसी क्लिप को मंच पर साझा किया है, जिसे देखने के बाद नेटिजन्स हिंदी फिल्म निर्माताओं के प्रति अपनी निराशा व्यक्त कर रहे हैं। मृणाल ठाकुर के बयान से सोशल मीडिया यूजर्स नाराज हो गए हैं।

## नवाजुद्दीन ने खोली एक्टर्स की कमाई की पोल

बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले दिनों रिलीज अपनी फिल्म सैंधव को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अभिनेता ने इस फिल्म से अपना तेलुगु डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब हाल ही में, नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इस बारे में खुलासा किया है कि बॉलीवुड अभिनेताओं को हर फिल्म के लिए कितना भुगतान मिलता है। अभिनेता नवाजुद्दीन फिल्मों में लीक से हटकर भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाया है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में, नवाजुद्दीन से पूछा गया, अभिनेता लगभग कितना पैसा कमाते हैं? एक्टर ने कहा, वे खूब कमाते हैं। जब होस्ट ने पूछा, 10 करोड़ या उससे ज्यादा? नवाजुद्दीन ने कहा, उसके आस-पास।
नवाजुद्दीन ने कहा कि वह कुछ फिल्में सिर्फ पैसा कमाने के इरादे से करते हैं ताकि वह बिना कोई पैसा लिए कुछ फिल्में कर सकें। उन्होंने कहा, मैं यहां तक कहता हूं कि मैं पैसे के लिए ऐसा कर रहा हूं ताकि मैं मंटो जैसी फिल्में मुफ्त में कर सकूं। अभिनेता ने इससे पहले खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्मों में छोटी भूमिकाएं करना बंद कर दिया है। नवाजुद्दीन ने कहा था कि अगर उन्हें 25 करोड़ रुपये भी ऑफर किए जाएं तो भी वह फिल्मों में छोटा रोल नहीं करेंगे, उन्होंने आगे कहा, इस इंडस्ट्री में अपने करियर में मैंने कई फिल्मों में काम किया है, जहां मैंने छोटी-छोटी भूमिकाएं कीं और मेरा काम पूरा हो गया है। अब तो आप मुझे 25 करोड़ भी देंगे तो भी मैं छोटा रोल नहीं करुंगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो नवाजुद्दीन अगली बार फिल्म सेक्शन 108 में दिखाई देंगे। इस आगामी फिल्म में अरबाज खान और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं। सेक्शन 108 एक आगामी बॉलीवुड मिस्ट्री थ्रिलर बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन दोनों कार्य निर्देशक रसिका खान द्वारा किया गया है। यह फिल्म 2 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।



## मेरा बालम थानेदार को हां कहने की सबसे बड़ी वजह इसकी कहानी थी

**एक्ट्रेस श्रुति चौधरी इन दिनों टीवी सीरियल मेरा बालम थानेदार में बतौर लीड नजर आ रही है। शो में वो बुलबुल का किरदार निभा रही है। हाल ही में उन्होंने खास बातचीत की...**

**अपने किरदार के बारे में बताएं?**

मेरा किरदार बुलबुल एक चुलबुली और युवा महिला है जो सोचती है कि एक नेक काम के लिए झूठ बोलना कोई गलत काम नहीं है। वह भोली है और लोगों पर आसानी से भरोसा कर लेती है। उनका मानना है कि हर किसी का दिल अच्छा होता है। वह अपने परिवार से प्यार करती है और अपने परिवार की प्रतिष्ठा बचाने के लिए वह वीर से शादी करती है।

**शो को हामी भरने की क्या प्रमुख वजह थी?**

इस शो को हां कहने की सबसे बड़ी वजह थी इसकी कहानी। मैंने मेरे होमटाउन बिहार से लेकर कई छोटे शहरों में देखा है कि नाबालिग लड़की की शादी होती है। मैंने उन लड़कियों का दर्द देखा है। उन बेचारी लड़कियों को जिंदगी के बारे में कुछ नहीं पता होता, वे नासमझ होती हैं, उनकी शादियां करा दी जाती है। हमारे शो की कहानी इसी दर्द के इर्द-गिर्द है। वैसे, हमारे देश में अभी कई जगह नाबालिग लड़कियों की शादी कराने की प्रथा बंद हो गई है, लेकिन कुछ शहरों में अब भी ये रिवाज चल रहा है।

**आपने अपने किरदार को निभाने के लिए तैयारी कैसे की?**


मेरे किरदार के अलग-अलग शेड्स हैं। एक चुलबुली लड़की होने से लेकर अपने परिवार की प्रतिष्ठा के लिए शादी करने तक, वह बहुत कुछ कर रही है। मैंने कम उम्र में विवाह के मुद्दे पर थोड़ा पढ़ा और राजस्थानी लोगों की स्थानीय बोली पर ध्यान दिया। मैं यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मेरा किरदार स्क्रीन पर पूरी तरह से रियल दिखे।

**अपनी पढ़ाई और शूट को कैसे बैलेंस कर रही हैं?**

मुझे शो पर काम करने वाली एक बहुत ही सहयोगी टीम मिली है, प्रोडक्शन हाउस से लेकर चैनल और अभिनेताओं तक हर कोई मेरा मार्गदर्शन कर रहा है। मैं सेट पर पढ़ाई करती हूं और यकीन मानिए, ये टीम मुझे हर प्रकार से सहयोग कर रही है। उन्होंने मुझ पर जरा भी दबाव नहीं डाला कि क्या और कैसे चीजें करने की जरूरत है। काम और पढ़ाई बैलेंस करने में मुझे कोई दिक्कत नहीं हो रही।

## संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म लव एंड वॉर 18 साल बाद रणबीर कपूर के साथ

ख्यातनाम निर्माता निर्देशक, पटकथा लेखक, संगीतकार संजय लीला भंसाली 18 साल के लम्बे इंतजार के बाद हिन्दी सिनेमा को दिए अपने बेहतरीन अदाकार रणबीर कपूर के साथ एक बार फिर से काम करने जा रहे हैं। हाल ही में भंसाली ने अपनी अगली फिल्म लव एंड वॉर की घोषणा की है जिसमें वे रणबीर कपूर, आलिया भट्?ट और विक्की कौशल को निर्देशित करते नजर आएंगे। यह पहला मौका होगा जब विक्की कौशल भंसाली के साथ काम करेंगे। गौरतलब है कि रणबीर कपूर को हिन्दी सिनेमा में संजय लीला भंसाली ने ही वर्ष 2007 में प्रदर्शित हुई फिल्म सांवरिया से पेश किया था। इस फिल्म को उस वर्ष बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की फराह खान निर्देशित ओम शांति ओम से टकराव झेलना पड़ा था, जिसके चलते सांवरिया बॉक्स ऑफिस पर असफल हो गई थी। भंसाली प्रोडक्शन की तरफ से पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें तीनों स्टार के सिग्नेचर भी हैं। मूवी की रिलीज डेट और नाम भी फाइनल कर दिया गया है। 'लव एंड वॉर' टाइटल वाली यह फिल्म एक लव स्टोरी होगी। इसको लेकर भंसाली लंबे समय से प्लानिंग भी कर रहे थे, लेकिन तब कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई थी। ये फिल्म नवंबर 2024 तक फ्लोर पर आ जाएगी, जबकि साल 2025 की क्रिसमस पर सिनेमाघरों पर रिलीज होगी। गौरतलब है कि संजय लीला भंसाली पिछले कुछ समय से इंशाअल्लाह और बैजू बावरा को लेकर चर्चाओं में रह रहे थे। वर्ष 2018 में उन्होंने सलमान खान के साथ इंशाअल्लाह बनाने की घोषणा की थी लेकिन क्रिएटिव डिफरेंस के चलते यह फिल्म बंद हो गई। पिछले दिनों मीडिया में इंशाअल्लाह को शाहरुख खान के बनाने की बातें सामने आने लगी थीं। वहीं दूसरी ओर उनकी चर्चा 60 के दशक के बेहतरीन क्लासिकल फिल्म बैजू बावरा के रीमेक को लेकर भी हो रही थी। इस फिल्म के लिए उन्होंने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट को साइन कर रखा है। लेकिन यह कब शुरू होगी इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



## सैफ की वजह से टली फिल्म देवरा!

जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। फिल्म में जूनियर एनटीआर लीड रोल में हैं, तो वहीं सैफ अली खान विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म देवरा को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब यह फिल्म अपने पहले से तय समय पर रिलीज नहीं की जाएगी। बता दें कि सैफ अली खान पिछले दिनों कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती थे, बताया गया था कि उनके ट्रायसेप्स की सर्जरी हुई है। रिपोर्ट्स यह भी बताती है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम पूरे जोरों पर चल रहा है, लेकिन इस फिल्म की लगभग 20 दिनों की शूटिंग भी अभी बाकी है। जान्हवी कपूर भी फिल्म देवरा से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं।



# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया लोगों से संवाद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के दौरान सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने नोएडा विधानसभा के सैक्टर एवं गांवों का दौरा किया। ग्राम बरौला, सैक्टर 49, हिण्डन विहार गली नं0 17, ए ब्लॉक सैक्टर 48, सामुदायिक भवन सैक्टर 46, उत्सव भवन, महर्षि नगर गेट नं0 3, नोएडा में संवाद के दौरान निवासियों ने अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

सांसद डा. महेश शर्मा जी ने कहा कि हम सब मिलकर आपके साथ सैक्टर एवं गांवों के विकास कार्यो में कार्य करेंगे जो कार्य आपने मेरे समक्ष रखे है उनको जल्द से जल्द पूर्ण कराया जायेगा। आज प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद है आपकी समस्या सीधे-सीधे अधिकारियों तक पहुंच रही एवं सभी कार्य अधिकारी जल्द से जल्द पूर्ण कराकर हमें भी अवगत कराये।

कार्यक्रम के दौरान, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि रोहित कुमार, मण्डल अध्यक्ष कल्लू सिंह, राजकुमार झा, चौधरी विनोद सिंह, चौधरी भंवर सिंह अधाना, राजा जाटव, अन्नु चौधरी, प्रोग्राम संयोजक, चौधरी अनिल, चौधरी सुमित पहलवान, चौधरी जित्ते बैसोया, सुनील चौधरी, धीर लाल, एस. पी. शुक्ला, दीपक शुक्ला, जी एस शर्मा, सुमित, षिवम पाठक, युद्धवीर चौहान, टी सी गौड, विजय राणा, अमित नागर, मनीष चौधरी, सतीष गुर्जर, मयंक चौधरी आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रीराम लला के प्रति योगी आदित्यनाथ का आगाध प्रेम

**अयोध्या ( चेतना मंच )।** अयोध्या धाम तथा यहां विराजमान श्रीराम लला के प्रति उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगाध प्रेम है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। कि जनवरी माह में वे 6वीं बार अयोध्या पहुंचे तथा श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई

सोमवार को रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार (29 जनवरी) को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया।

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# प्राधिकरण के जल विभाग का 94.61 करोड़ रूपये बकाया

## बकायेदार बिल्डर्स को शीघ्र नोटिस भेजेगा प्राधिकरण : आरपी सिंह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रुप हाउसिंग टॉप-10 बड़े बकायादारों के खिलाफ उनके परिसरों में नोटिस चस्पा करने के निर्देश सीईओ लोकेश एम ने बैठक के दौरान दिए। उन्होंने जन खंड प्रथम, द्वितीय और तृतीय के कार्यो की समीक्षा की। बताया गया कि 2023-24 में जल राजस्प का लक्ष्य 120 करोड़ रुपए था। जिसमें इस साल 94.45 करोड़ रुपए प्राप्त किए गए। वहीं विगत कई सालों से 10 ग्रुप हाउसिंग बिल्डरों पर करीब 94.61 करोड़ का बकाया है।

सीईओ ने शहर में पानी की सप्लाई के लिए 4 निर्माणाधीन रेलीवेल जिसमें 1,2, 3 और 5 का निर्माण अप्रैल तक पूरा करने को कहा। इसके अलावा दो और रेनीवेल 4 और 6 का निर्माण तत्काल प्रभाव से शुरू कराने का निर्देश दिया गया। वहीं नोएडा में स्मार्ट मीटर योजना के तहत लगाए गए मीटर (बल्क और घरेलू मीटर) से रोजाना प्राप्त हो रहे जल खपत को किलोलीटर में दर्शाते हुए वर्तमान में जल विभाग द्वारा प्राभावी जल राजस्व के अनुसार बिल जनरेट करते हुए जल खपत के सापेक्ष गणना की जाए।

साथ ही जिन शहरों में स्मार्ट मीटर लगे है वहां जल राजस्व का अध्यन करते हुए योजना को लागू कराया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोंडली ड्रेन में 24 ड्रेनों का पानी जाता है। ये पानी अब भी ब्लैक है। सभी औद्योगिक इकाईयों का सर्वे यूपीपीसीबी के साथ करते हुए नालों में छोड़े जा रहे अन ट्रीटेड वेस्ट वाली कंपनी को चिन्हित किया जाए।

नालों की साफ-सफाई के लिए बनाए गए क्रियाशील वेटलैंडों को 15 फरवरी तक अनुरक्षण कार्या पूरा कर लिया जाए। पेयजल के हिसाब से गंगाजल परियोजना को माह मई 2024 करते हुए रैनीवेल व गंगाजल मिश्रित जलापूर्ति नोएडा शहरवासियों को सुनिश्चित किया जाए। एनजीटी के निर्देश के क्रम में तालाबों के जीर्णोद्धार शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

### पानी बिल के टॉप 10 डिफाल्टर

- ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टी प्राइवेट लिमिटेड 23.65 करोड़
- टूडे होम्स नोएडा प्राइवेट लिमिटेड 11.03 करोड़
- अजनारा इंडिया लिमिटेड 6.19 करोड़
- सुपरटेक (आरसी) 12.43 करोड़
- सुपरटेक लिमिटेड 2.16 करोड़
- लाजिक्स इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड 2.01 करोड़
- गर्वनमेंट एंड पब्लिक सेक्टर इम्प्लाए कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी 1.71 करोड़
- लाजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 17.48 करोड़
- एसडीएस इंफ्रास्टेक प्राइवेट लिमिटेड 16.23 करोड़
- सुपरटेक लिमिटेड 93ए 1.72 करोड़

# पीट-पीटकर यूट्यूबर को उतारा मौत के घाट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पड़ोसियों ने एक यूट्यूबर को पहले उसे उसके घर से अपने घर पर बुलाया और फिर पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

मामला ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर गुर्जर का है। यहां का रहने वाले बलबीर का बेटा एक यूट्यूबर था। दीपक यूट्यूब पर कई तरह की वीडियो बनाकर अपलोड करता था। बताया जाता है कि रविवार की रात उसके पड़ोस में ही रहने वाले मनीष, प्रिंस, विक्की, योगेंद्र, विजय, कपिल व मिंकू ने बहाने से दीपक को अपने घर पर बुलाया।

आरोप है कि आरोपियों ने दीपक को अपने घर बुलाया, जबरन उसे शराब पिलाई। बताया जाता है कि शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के चलते आरोपियों ने दीपक को लाठी डंडो से पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

पिटाई से दीपक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम दीपक की मौत हो गई। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा की माता जी का निधन

मोदीनगर, गाजियाबाद। वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा की माता जी मीरा देवी (80



वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मोदीनगर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। दैनिक अथाह समाचारपत्र के संपादक अशोक ओझा की माता जी एवं प्रसिद्ध हनुमंत कथावाचक अरविंद भाई ओझा की बड़ी मां 'मीरा देवी ओझा' का रविवार सुबह उपचार के दौरान 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

आपको बता दें कि मीरा देवी ओझा जी को तीन दिन पूर्व स्वास्थ्य खराब होने पर मोदीनगर के जीवन अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मोदीनगर के हापुड़ रोड स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मीरा देवी ओझा जी को मुखाग्नि उनके पुत्र अशोक ओझा ने दी। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ राजनीतिक सामाजिक एवं पत्रकारिता से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शमशान घाट पर पहुंचे थे और उन्होंने पुण्यात्मा मीरा देवी ओझा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, अशोक ओझा व अरविंद भाई ओझा व अन्य परिजनों को सांत्वना दी। मीरा देवी ओझा जी अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। इस मौके पर पौत्र अभिषेक ओझा, केशव ओझा, माधव ओझा, अजय शर्मा, अमित शर्मा, हेमंत शर्मा, अनुराग शर्मा और रोहित शर्मा भी उपस्थित थे।

# पीसीएस में उत्तीर्ण राहुल का नागरिक अभिनंदन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पीसीएस की परीक्षा पास कर परिवार का क्षेत्र का राम रोशन करने वाले सिलारपुर गांव निवासी राहुल शर्मा का अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने नागरिक अभिनंदन किया। महासभा ने राहुल शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।



महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंडित पीतांबर शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता सिलारपुर गांव पहुंचे। उन्होंने हाल ही में पीसीएस परीक्षा पास करने वाले राहुल शर्मा को समाज की तरफ से पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। इस मौके पर राहुल शर्मा के पिता मूलचंद शर्मा एवं उनके चाचा रमेश चंद शर्मा को भी फूल माला पहना कर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने राहुल शर्मा की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार, गांव, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अन्य युवाओं को भी उनसे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महासभा द्वारा समाज के मेधावी युवाओं को समय-समय पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया जाता है।

ब्राह्मण महासभा का उद्देश्य इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के अलावा अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को भी महासभा द्वारा समय-समय पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री मास्टर परमानंद, जिला महामंत्री मास्टर रामकुमार, अशोक शर्मा, रतनवीर शर्मा, गायत्री तिवारी, साधना त्रिपाठी, अनिल शर्मा, डालचंद, मास्टर रूप किशोर, शिव मोहन शर्मा, प्रिया, हर्ष कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, रामानंद शर्मा, उमाशंकर शर्मा आदि मौजूद थे।

# इनोवेशन डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के बूट कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सैक्टर-62 जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी में 29 जनवरी से 2 फरवरी 2024 तक इनोवेशन डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (आईडीई) पर पांच दिवस बूट कैंप कार्यक्रम शुरू किया। जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और शिक्षा मंत्रालय का इनोवेशन सेल (एमआईसी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को एआईसीटीई के चेयरमैन प्रोफेसर टी.जी सीथाराम और फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता ने संयुक्त रुप से इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता ने कहा कि देश में उद्यमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस आवश्यक गतिविधि का हिस्सा होने पर गर्व है। युवा इनोवेटर्स को उद्यमियों में बदलने के लिए उनके नवीन विचारों को आकार देने में समर्थन देने के केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन के दृष्टिकोण के आधार पर संकल्पित यह कार्यक्रम उन नव प्रवर्तकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो उद्यमिता का मार्ग तलाशना चाहते हैं और नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी निर्माता बनना चाहते हैं।

# एमिटी के छात्र एकलव्य का हंगरी में बजा डंका

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने



एमिटी स्कूल और नोएडा का नाम हंगरी में रोशन किया है। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एकलव्य की इस उपलब्धि पर पूरा एमिटी स्कूल और नोएडा शहर गर्व कर रहा है।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-44 के कक्षा 11वीं के छात्र एकलव्य जगल ने हंगरी के जैस्जबेरेनी में हुए 8वें जैस कप के 500 मीटर आइस रिंक स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया है। यह शानदार जीत उन्हे फरवरी 2024 के महीने में नीदरलैंड में होने वाले जूनियर विश्व कप और पोलैंड में होने वाले जूनियर विश्व चैपिंयनशिप 2024 के लिए योग्य बनाती है। छात्र एकलव्य की शानदार विजय पर एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन डा अमिता चौहान और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू सिंह ने बधाई दी है।

एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन डा. अमिता चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एमिटी के छात्र केवल शिक्षा में नही बल्कि खेल प्रतियोगिता जैसी अन्य



गतिविधियों में सदैव आगे रहते है। छात्रों का सर्वागीण विकास ही हमारा एक मात्र ध्येय है। इसलिए हम सदैव उन्हे विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते रहते है।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा सेक्टर-44 के छात्र एकलव्य जगल ने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा मार्गदर्शन ओर प्रोत्साहन से यह सफलता हासिल की है। इस प्रतियोगिता में क्रोशिया, क्रेच रिपब्लिक, रोमानिया, स्लोवेनिया, सर्बिया, हंगरी, भारत आदि से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। उन्होनें कहा कि इस प्रतियोगिता में विजेता बनने के लिए उन्होनें निरंतर अभ्यास और तकनीकी सीखने पर जोर दिया और उन्हे पूर्ण विश्वास है फरवरी 2024 के महीने में नीदरलैंड में होने वाले जूनियर विश्व कप और पोलैंड में होने वाले जूनियर विश्व चैपिंयनशिप 2024 में भी अवश्य जीतेगें।

